Postal Regn No.Jaipur City/007/2018-20
|| पश्चिमी राजस्थान की आवाज ||
मूल्य : दो रुपये

Happy New Year 2020

# दैनिक जलतेदीप

2020

संस्थापक स्व. माणक मेहता

www.dainikjaltedeep.com
जयपुर, बुधवार 01 जनवरी, 2020
Email : news@dainikjaltedeep.com



# शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बन रही है ठेला मंडिया

जोधपुर, 31 दिसंबर (कासं)। जोधपुर शहर में जगह जगह पर ठेले वाले अपना बाजार लगा के खडे हो जाते है। ऐसी जगहों पर कभी भी दुर्घटना होने की आशंका रहती है। जबसे नगर निगम ने घंटाघर से ठेलो वालो को हटाया तब से वा दस, पंद्रह, के झुंड में अलग-अलग स्थानों पर खडे होते है। जालोरी गेट मैन रोड होते हुए पांचवी चौपासनी रोड पर चले जाये दस पंद्रह ठेलो का हुजूम खडा मिल जायेगा। शहर में नुसिंगदा, बाईजी का तालाब रोड, जालोरी गेट, दूध का चौहटा में भी कई फल सब्जियों के ठेले खडे नजर आयेंगे। इससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। क्योंकि ग्राहक सब्जी लेने के लिए अपना वाहन सडक पर खडा करता है। फिर जाम भी लग जाता है। इधर नई सडक से शहर के अंदर जाने वाली सडक पर दोनों तरफ फल और चुडियां के ठेले खडे रहते हैं। जिससे आये दिन झगडा होता है। इन ठेलों वालों को उचित स्थानों पर जगह देकर खडा किया जा सकता है। अगर प्रशासन और नगर निगम शहर के सौन्दर्यकरण में इनको सही स्थान देकर इन ठेलो वालों को राहत दे सकते है। एक तरफ तो शहर की सबसे बडी सब्जी मंडी को पावटा से हटा दिया और इसे पावटा से हटाने के बाद जोधपुर में जगह-जगह पर अतिक्रमण करने ठेलों की हर जगह पर भरमार हो गई है। ये ठेले वाले रात्रि में मैन सडकों पर खडे मिल जायेंगे। जालोरी गेट से चौहाबो बोर्ड जाने वाली सड़क पर कई सब्जियां फल फ्रूट बेचते नजर आ जायेंगे।

## तीन बच्चों को बालश्रम से मुक्त करवाया

जोधपुर, 31 दिसंबर (कासं)। पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम के निर्देशानुसार प्रभारी मानव तस्करी विरोधी यूनिट पश्चिम ने महालक्ष्मी स्टील इंडस्ट्रीज बासनी एवं बीएच टी स्टाल एवं फास्ट फूड कार्नर जलजोग चौराहा में बालश्रम कर रहे तीन बच्चों को बालश्रम से मुक्त करवाया गया। 13 से 16 वर्ष के तीन बच्चों को जिसमें से दो बालक बिहार के रहने वाले बालश्रम से मुक्त करवाकर पुनार्वास हेतु चाईल्ड लाईन के मार्फत अग्रिम कार्यवाही हेतु बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। बच्चों को बाल कल्याण समिति अध्यक्ष धनपत गुर्जर के आदेशानुसार बालकों को अस्थाई सेल्टर दिया गया। मैले कुचले बच्चें को चाइल्ड लाईन कार्यालय लाकर काउंसलिंग की गई तो उन्हांने बताया कि वे बिहार के रहने वाले वहां रोजगार नहीं होने के कारण वह जोधपुर में आये है। बच्चों ने बताया कि उनसे 12 से 14 घंटे श्रम का कार्य करवाया जाता है। मालिक दो सौ से तीन सौ रूपये परिजनों को देते है। बच्चों की आयु 12 से 16 वर्ष थी। काउंसलिंग के माध्यम से मालूम हुआ कि इनके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नही होने के कारण परिजन बच्चों से बालश्रम करवाते है। बालकों द्वारा बताया गया कि बिहार में बाढ आने के कारण हमारे घर पानी में डूब गये। इनके पिता मजदूरी का कार्य करते है जिसमें वह भी कुछ ज्यादा कमा नही पाते है। चाइल्ड लाइन ने बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। उन बच्चों को बाल कल्याण समिति अध्यक्ष धनपत गुर्जर के अस्थाई सेल्टर दिया गया।

## 'अपना घर' को दरिएं और अन्य सामग्री भेंट

जोधपुर, 31 दिसंबर (कासं)। राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा सरदारपुरा के सदस्यों ने शास्त्री नगर पुलिस स्टेशन के निकट स्थित अपना घर आश्रम में निवास करने वाले असहाय, बिमार व लावारिस जनों की सेवा के उद्धेश्य से स्व. चंद्रशेखर सिंघवी की स्मृति में दरियें तथा तकिये की खोलियां भेंट की। उपशाखा अध्यक्ष डीसी सिंघवी ने बताया कि आर्थिक सहयोगी श्रीमती एवं हेमंत सिंघवी का उपशाखा पदाधिकारियों ने माला पहनाकर एवं शॉल ओढाकर बाहुमान किया। स्व. सिंघवी के परिवारजनों एवं उपशाखा पदाधिकारियों ने उपयोगी सामग्री अपना घर आश्रम की प्रतिनिधि श्रीमती सुमित्रा को भेंट की। कार्यक्रम में उपशाखा अध्यक्ष को राजेन्द्र प्रसाद पारीक, किशनलाल शर्मा, अरूण बहुरा, श्री भंवरलाल राठौड़ ने सहयोग किया।

## राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में जोधपुर के खिलाड़ी छाए

जोधपुर, 31 दिसंबर (कासं)। 29 वीं राष्ट्रीय स्तरीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग व इन क्लाइन बेंच प्रेस सीनियर मास्टर और महिला पुरूष प्रतियोगिता



उदयपुर में हुई। इस प्रतियोगिता में जोधपुर के खिलाड़ियों ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। नरेश कु मार गोयल ने 95 किलोग्राम भार वर्ग में हैंक लिफ्ट का नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया।

पहले ये रिकॉर्ड 225 किलोग्राम भार उठाने का था जिसे नरेश कुमार गोयल ने 240 किलोग्राम भार उठा कर नया नेशनल हैंक लिफ्ट रिकॉर्ड बनाया और गोल्ड मैडल जीता। इसी प्रकार श्रवणलाल, तृप्ति शर्मा ने स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में गोल्ड विजय हैंडीकैप बेंच प्रेस में सिल्वर, परमानंद प्रजापत ने बेंच प्रेस में गोडल मैडल और चंचल थानवी ने बेंच प्रेस में सिल्वर मैडल जीता। जोधपुर स्ट्रेंथ लिफ्टिंग संघ की ओर से उमेश सांखला, घनश्याम सिंह गोयल, विशन सिंह चौहान, ने विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया।

## छात्राओं ने बनायी भेल पूरी व फ्रूट क्रीम

जोधपुर, 31 दिसम्बर (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजमहल में 26 दिसम्बर से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तहत मंगलवार को छात्राओं ने खाद्य वस्तुएं बनायीं। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिल कुमारी राठौड़ ने बताया कि छात्राओं के पांच अलग-अलग समूहों ने पानी पूरी, भेल पूरी, पपड़ी चाट, चने की चाट व फ्रूट क्रीम बनायी। इसके अलावा राजस्थानी मांडण व चार्ट के माध्यम से चित्र भी बनाये। जिला शिक्षा अधिकारी भल्लूराम खींचड़ ने शिविर का निरीक्षण किया। प्राचार्य शोभा जांगिड़ ने शिविर की जानकारी दी।

## कल नहीं चलेगी जोधपुर-वाराणसी एक्सप्रेस

जोधपुर, 31 दिसम्बर (कासं)। रैक लिंक देरी के कारण जोधपुर-वाराणसी एक्सप्रेस रेलसेवा का दो जनवरी को संचालन नहीं किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि उत्तर रेलवे द्वारा 31 दिसम्बर को गाडी सं. 14863 वाराणसी-जोधपुर मरूधर एक्सप्रेस को रद्द किया गया है, इससे रैक की कमी के कारण 2 जनवरी को जोधपुर से चलने वाली गाडी संख्या 14854 जोधपुर-वाराणसी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# भगत की कोठी नवनिर्माण आंदोलन आज से

**विजय राव 11 दिवसीय अनशन पर बैठेंगे**

जोधपुर, 31 दिसंबर (कासं)। भगत की कोठी क्षेत्र का मूलभूत समस्याओं व सुविधाओं की तरफ सरकार का ध्यानाकर्षण करने के लिए युवा शक्ति संगठन की ओर से 1 से 11 जनवरी तक अनशन किया जाएगा। एक जनवरी का ओमप्रकाश मिस्री द्वारा विजय राव के 11 दिवसीय अनशन के समर्थन में 1 दिवसीय क्रमिक अनशन किया जायेगा। अनशन स्थल पर मांगों के समर्थन में आमजन के हस्ताक्षर करवायें जायेंगे। जो प्रशासन द्वारा संपर्क करने पर या अनशन की समाप्ति पर सरकार को भेजे जायेंगे। 11 दिवसीय अनशन की जानकारी संगठन द्वारा जारिये डाक मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, जोधपुर सांसद, शहर विधायक, पुलिस कमिश्नर व पुलिस उपायुक्त पशि चम वृत जोधपुर महानगर को भिजवा दी गई है। अनशन महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती को समर्पित होगा। राव ने बताया कि अनशन न्यूपाली रोड भगत की कोठी स्थित शिव ओम स्कूल के पास किया जायेगा। भगत की कोठी क्षेत्र पॉलिटेक्निक परिसर व रेलवे लाइन के बीच बसा एक सीमित रहवासीय क्षेत्र है परंतु लंबे समय से सिर्फ राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से इसका विकास लाईट, पानी, सडक व सामुदायिक भवन निर्माण तक सीमित रखा गया है। पहले यह क्षेत्र वार्ड संख्या 45 के तहत आता था परिसीमन के बाद यह 25 व 27 में बदल गया है और वर्तमान में नये परिसीमन के कारण उक्त क्षेत्र 3 वार्डो में विभक्त हो गया। राजनीतिक समीकरणों के कारण मूलभूत सुविधाओं की तरफ सरकार का ध्यान नहीं जा पाता है। जिससे क्षेत्र के आम नागरिकों मूल स्थानीय युवाओं को राष्ट्र सेवा व समाज सेवा की मूलधारा से जोडने का प्रयास किया जाता है परंतु राजनीतिक स्वार्थों के कारण लंबे समय से आम जनता की मूलभूत सुविधा की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षण नही किया गया है जिसकी वजह से स्थानीय नागरिकों में निराशा का माहौल है।

# पुराने सहपाठी मिले और यादों में खो गए

जोधपुर, 31 दिसंबर (कासं)। मारवाड़ मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के अधीन संचालित कमला नेहरू नगर स्थित मौलाना आजाद मुस्लिम शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय में पूर्व छात्र मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

बीएसटीसी प्रिन्सीपल जेबा नाज ने बताया कि मौलाना आजाद बीएसटीसी विद्यालय के पहले




एलुमनाई मीट में वर्ष 2007 से 2017 तक के दस वर्ष पूर्व के विद्यार्थियों ने शिकरत कर अपने अनुभव साझा करते हुए वर्तमान विद्यार्थियों को अपनी नौकरी, पद व इससे जुड़े संघर्ष की जानकारी दी। पूर्व विद्यार्थियों ने कहा कि कड़ी मेहनता का कोई विकल्प नहीं है जिस क्षेत्र में आप रूचि रखते है या जो भी आपका लक्ष्य है उसे पाने में इमानदारी से मेहनत करें। सफलता निश्चित मिलेगी ओर हमेशा दूसरों की भलाई करने के लिए तैयार रहे। प्रिन्सीपल जेबा नाज ने जानकारी दी कि अब तक 450 स्टूडेन्ट इस विद्यालय से पास आउट हो चुके है उनमें से 300 विद्यार्थी आज सरकारी नौकरी में विभिन्न पदों पर आसीन है। समारोह मे 'बीएसटीसी प्रथम वर्ष के छात्र-'छात्राओं ने अपने सीनियर्स के पुराने दिनों को ताजा करते हुए ड्रामें के रूप में रोचक प्रस्तुति दी। साथ ही सामुहिक वलकम सोंग व छात्र कल्ला खान व शेर खान के बेहतरीन लोकगीत केसरिया बालम पर दृष्टिहीन विद्यार्थियों की संगीत की प्रस्तुति दी। छात्र सद्दाम हुसैन ने प्रेरणारूपी उद्गार पढ़े। इस मौके पर मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष पद्मश्री प्रोफेसर अख्तरूल वासे, इतिहासकार जहुर खां मेहर, सोसायटी के पूर्व महासचिव मोहम्मद अतीक, बीएसटीसी के पूर्व प्रिन्सीपल धीरजमल पंवार, पूर्व व्याख्याता रिचा शर्मा व सोसायटी के प्रोग्राम डायरेक्टर मोहम्मद अमीन ने अपने उद्बोधन में सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए मारवाड़ मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी व मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी से जुड़ाव रखने व हमेशा सहयोग करने की अपील की।

## राष्ट्रीय सरस क्राफ्ट मेला इस बार जोधपुर में

जोधपुर, 31 दिसम्बर (कासं)। राष्ट्रीय सरस क्राफ्ट मेले का आयोजन इस बार जोधपुर में 7 से 17 फरवरी तक किया जाएगा। मेले की तैयारियों के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम (तृतीय) अंजुम ताहिर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक तेजसिंह एवं संबंधित अधिकारी जुमले खान ने आवश्यक जानकारियों प्रस्तुत की। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् राजीविका द्वारा आयोजित मेला रावण का चबूतरा मैदान में लगेगा। मेले में राज्य के सभी जिलो की जिला स्तरीय लोकप्रिय क्राफ्ट के साथ हस्तशिल्पी भाग लेंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश, आसाम, दिल्ली, पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा, पंजाब सहित विभिन्न राज्यों के लोकप्रिय आर्टिजन्स अपने हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय भी करेंगे। इस राष्ट्रीय सरस क्राफ्ट मेले की शाम अनूठी होगी। इसमें विभिन्न राजकीय संस्थाओं के अलावा निजी महाविद्यालयों एवं संस्थाओं के सहयोग से राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

# अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध कार्यवाही होगी

जोधपुर, 31 दिसम्बर (कासं)। पंचायत आम चुनाव की प्रारंभिक तैयारियों के लिए प्रतिनियुक्त कार्मिकों को अविलंब अनुभागों में उपस्थिति नहीं देने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। अपर जिला कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी एम.एल. नेहरा ने बताया कि विभिन्न गठित अनुभागों में पंचायत चुनाव कार्य समयबद्ध संपन्न करवाने के लिए प्रतिनियुक्ति पर कार्मिकों को निर्देश प्रदान किए जा चुके है। आदेश प्राप्ति के बाद स्वंय को कार्यमुक्त मानते हुए अविलंब उपस्थिति संबंधित अनुभागों में देने के निर्देश भी दिए गए है। निर्धारित समय पर कार्यग्रहण नहीं करने पर कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

**सूचनाएं भिजवाने के निर्देश-** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 3 जनवरी को दोपहर 2 से 3 बजे के बीच विडियो कान्फ्रेंसिंग में भाग लेने संबंधी आदेश जारी किए गए है। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त एल.एन. बैरवा ने बताया कि इस विडियों कान्फ्रेंसिंग में संभागीय आयुक्त बीएल कोठारी भी भाग लेंगे। इस संबंध में संभाग स्तर पर पंचायती राज आम चुनावों के लिए सूचनाएं सॉफ्ट कॉपी में ई-मेल के माध्यम से संभागीय आयुक्त कार्यालय को भिजवाने के निर्देश दिए गए है।

## पंचायत समितिवार मतपत्र शाखा में प्रभारी अधिकारी नियुक्त

जोधपुर, 31 दिसम्बर (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने पंचायत आम चुनाव के लिए पंचायत समितिवार मतपत्र शाखा (कोषाधिकारी शहर) में प्रभारी अधिकारी नियुक्ति के आदेश प्रदान किए गए है। आदेशानुसार वरिष्ठ लेखाधिकारी अरविंद पारीक डीआरडीए जोधपुर को प्रथम चरण में फ्लोदी, द्वितीय चरण में मंडोर व तृतीय चरण में शेरगढ़, वरिष्ठ लेखाधिकारी कलेक्ट्रेट प्रेमसिंह को प्रथम चरण में बालेसर, द्वितीय चरण में भोपालगढ़ व तृतीय चरण में लूणी, पेंशन विभाग के सहायक निदेशक जयराम राठौड़ को प्रथम चरण में सेखाला, द्वितीय में बावड़ी व तृतीय चरण में बिलाड़ा, नगर निगम के लेखाधिकारी विमल कुमार जैन को प्रथम चरण में देचू, द्वितीय में बापिणी व तृतीय चरण में पीपाड़ शहर, स्थानीय निधि अंकेक्षण के लेखाधिकारी दिनेश गिरी को प्रथम चरण में लोहावट, द्वितीय चरण में केरू व तृतीय चरण में चामू और जिला परिषद के लेखाधिकारी तेजसिंह को प्रथम में आउ व तृतीय चरण में धवा लगाया गया है।



भ्रमण कर लौटी छात्राएं। जलतेदीप

## छात्राओं का दल भ्रमण कर जोधपुर लौटा

जोधपुर, 31 दिसंबर (कासं)। श्री सुमेर शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित सुमेर महिला महाविद्यालय द्वारा छः दिवसीय शैक्षणिक व सांस्कृतिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसके तहत छात्राओं ने चंडीगढ, कुल्लु मनाली आदि स्थानों का भ्रमण किया। भ्रमण का उद्धेश्य छात्राओं के विभिन्न प्रदेशों के सांस्कृतिक रीति रिवाज रहन सहन जीवन शैली की जानकारी प्रदान करना तथा छात्राओं को अनुशासन, आपसी सहयोग एवं आत्मविश्वास पैदा करना रहा। इस दौरान छात्राओं ने चंडीगढ के पिंजोर गार्डन, रॉक गार्डन, सेक्टर 22 बाजार, कुल्लु मनाली में कैंप फायर, म्यूजिक पार्टी, एंडवेंचर एक्टीविटी तथा सौलांग वैली में बर्फबारी का आनंद लिया। इसके बाद हिडम्बा मां के दर्शन किये गये। दल के वापस लौटने पर स्टाफ ने स्वागत किया।

# नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक की संदिग्ध हालात में मौत

जोधपुर, 31 दिसम्बर (कासं)। प्रतापनगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू सवेरा नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती एक युवक की सोमवार रात को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस ने आज दोपहर में शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया। मृतक के मामा ने नशा मुक्ति केंद्र संचालक के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि व्यास कॉलोनी एयरफोर्स क्षेत्र में रहने वाला अनिल सिंह उर्फ राजू (40) पुत्र फतेह सिंह शराब का सेवन करता था। उसे गत 15 सितंबर को नशा छुड़ाने के लिए परिजनों ने प्रतापनगर बंगाली क्वार्टर के नजदीक न्यू सवेरा नशा मुक्ति केंद्र पर भर्ती करवाया था। इस बीच परिजन की तरफ से केंद्र संचालक को 42 हजार रुपए विभिन्न किश्तों के जरिए जमा करवाए गए। अनिल सिंह को सोमवार रात को तबीयत बिगड़ने पर केंद्र से मथुरादास माथुर अस्पताल लाया गया लेकिन यहां पर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। उसके मामा जगदंबा कॉलोनी प्रतापनगर निवासी रामसिंह पुत्र बीरम सिंह ने केंद्र संचालक मोहनराम चौधरी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया। आरोप लगाया गया है कि उसके भांजे के इलाज में नशा मुक्ति केंद्र में लापरवाही बरती गई। उसकी शाम को तबीयत बिगड़ी लेकिन उसे रात को अस्पताल लाया गया।

**बालकों को बालश्रम से मुक्त करवाया-** नाबालिग श्रमिकों के शारीरिक शोषण करने के दो प्रकरण मानव तस्करी विंग के अधिकारी ने फैक्ट्री मालिक और फास्ट फूड सेंटर संचालक के खिलाफ संबंधित थाने में दर्ज करवाकर बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। बासनी थानधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मानव तस्करी विंग में तैनात सब इंस्पेक्टर शैतानसिंह ने प्रथम फेस सांगरिया बासनी में महालक्ष्मी स्टील में बाल श्रमिकों के शोषण की सूचना पर दबिश देकर बाल श्रमिकों को मुक्त कराकर संचालक नरपत प्रजापत के खिलाफ बासनी थाने में मुकदमा दर्ज करवाया। वहीं जलजोग चौराहे पर स्थित बीएचटी स्टाल एवं फास्ट फूड कार्नर पर भी दबिश दी। यहां पर काम कर रहे बाल श्रमिकों को मुक्त कराया और संचालक अरूण सिंह पुत्र पृथ्वी सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया।

**अवैध शराब की 56 पेटियां बरामद-** ग्रामीण पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम की कड़ी में सोमवार रात को एक ढाणी पर दबिश देकर वहां से 56 कार्टन अवैध शराब जब्त की। यह शराब पंचायत चुनाव और नववर्ष पर सप्लाई की जानी थी। पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम में प्रकरण बनाया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राहुल बारहठ ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए जिले की ग्रामीण पुलिस की स्पेशल टीमों का गठन किया गया है। इस कड़ी में सोमवार को खेड़ापा थानाधिकारी केसाराम ने बाराकलां गांव में अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना पर गंगा सिंह पुत्र गोपाल सिंह के यहां पर दबिश देकर तलाशी ली तो वहां बेचने को रखी 56 कार्टन अंग्रेजी शराब विभिन्न मार्का की बरामद हुई।

# जन आधार कार्ड पंजीयन शिविर शुरू

जोधपुर, 31 दिसम्बर (कासं)। शहर विधान सभा यूथ कांग्रेस के तत्वावधान में जन आधार कार्ड के सात दिवसीय नि:शुल्क पंजीयन कैंप गुलाबसागर रोड स्थित यूथ कांग्रेस जोधपुर विधानसभा कार्यालय में शुभारंभ किया गया। उद्घाटन रामसिंह आर्य द्वारा किया गया। शहर विधानसभा अध्यक्ष दानिश फौजदार ने बताया कि पूरे राजस्थान में भामाशाह कार्ड 31 मार्च तक रिप्लेस हो जाएगा। उसके बाद जन आधार कार्ड ही काम में आएगा। जन आधार कार्ड का नंबर अलग से बनेगा। भामाशाह कार्ड का नंबर 31 मार्च के बाद काम में नहीं आएगा। इस कार्ड से सार्वजनिक वितरण प्रणाली, नि:शुल्क चिकित्सा, पेंशन सहित तमाम सरकारी योजनाओं के लाभ इसी कार्ड के जरिए लाभार्थी को मिलते हैं। इसमें नकदी का लाभ लाभार्थी के बैंक खाते में सीधा जाता है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा शुरू की जा रही जनआधार कार्ड के तहत राज्य के प्रत्येक परिवार को 10 अंक की परिवार पहचान संख्या वाला जन-आधार कार्ड दिया जाएगा। परिवार में 18 वर्ष या इससे अधिक आयु की महिला को मुखिया बनाया जाएगा। महिला नहीं है तो 21 वर्ष या इससे अधिक आयु का पुरुष मुखिया होगा। कैंप के शुभारंभ में अब्दुल गनी फौजदार, संदीप मेहता, प्रीतम सोलंकी, टीनू, साबिर बेलिम, लवजीतसिंह भाटी, अलताब खान, लोकेश गौड, अनिक फौजदार, समीर अहमद, अतिक, कासम चौहान, किशोर कुमार व्यास व गिरिश छंगाणी सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



बैग सौपते ऑटो चालक। जलतेदीप

## ऑटो में भूला बैग यात्री को वापस लौटाया

जोधपुर, 31 दिसंबर (कासं)। ऑटा रिक्शा चालक अल्ताफ शाह ने ईमानदारी का परिचय देते हुए एक यात्री द्वारा उसके ऑटो में बैग भूले सामान सोजती गेट पुलिस चौकी में जमा करवा दिया। बैग में मोबाईल व जरूरी कागजात थे। इससे पूर्व अल्ताफ ने जोधपुर ऑटो रिक्शा यूनियन कार्यालय में इतला दी कि और बाद में बैग सोजती गेट पुलिस चौकी में जोधपुर ऑटो रिक्शा यूनियन के उपाध्यक्ष मो.आरिफ शहजाद अली, ताज मो. अबूबकर आदि की उपस्थिति में यात्री धीरज जोशी को बैग वापस किया। धीरज ने सबके प्रति आभार जताया।

## चुनाव में व्यय संबंधी आदेश जारी

जोधपुर, 31 दिसम्बर (कासं)। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा पंचायती राज आम चुनाव 2019-2020 तथा वर्ष 2020-2021 में होंने वाले निगम-नगर पालिका चुनाव के दौरान होने वाले विभिन्न मदों के एकमुश्त भुगतान के राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आदेश जारी किए गए है। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग मुख्यालय के निर्देशानुसार संबंधित चुनावों के दौरान तत्काल होने वाले व्यय में पैट्रोल-डीजल आऊटराईट पैमेण्ट, यात्रा भत्ता व्यय तथा अन्य समस्त आकस्मिक व्ययों के नकद भुगतान के लिए नियमानुसार नकद आहरण किए जाने वास्ते सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम में शिथिलता प्रदान की गई है। इससे संबंधित एसी बिलों द्वारा आहरित राशि का समायोजन डीसी बिलों द्वारा सामान्य वितरण एवं लेखा नियमों के तहत समय पर सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए है।

## एक दिन में निगम के कोष में 1.86 करोड जमा

जोधपुर, 31 दिसम्बर (कासं)। नगरीय विकास कर के छूट के अंतिम दिन एक ही दिन में नगर निगम के कोष में एक करोड़ 86 लाख रुपए से अधिक का राजस्व जमा हुआ है। आयुक्त सुरेश कुमार ओला ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से नगरीय विकास कर के एकमुश्त जमा कराने पर छूट का प्रावधान दिया गया था, इस छूट के तहत पेनेल्टी में 100 प्रतिशत छूट दी गई थी। मंगलवार को छूट का अंतिम दिन था, जिसके चलते निगम में एक ही दिन में एक करोड 86 लाख 17 हजार 811 रुपए का राजस्व जमा हुआ है। सूरसागर जोन में 2531541रुपए, सिटी जोन में 12912650 ओर सरदारपुरा जोन में 3173620 रुपए जमा हुए है।

## राजस्थान वित्त निगम के प्रबंधक नवल को भावभीनी विदाई

जोधपुर, 31 दिसम्बर (कासं)। राजस्थान वित्त निगम द्वितीय शाखा के प्रबंधक हनुमान राम नवल की सेवानिवृत्ति पर समारोह का आयोजन किया गा। राजसीको के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार के सानिध्य में सम्पन्न कार्यक्रम में निगम के पूर्व उप महाप्रबंधक राधेश्याम, मरुधरा इंडस्ट्रीज एसोशिएशन के अध्यक्ष ज्ञानी राम मालू व पूर्व अध्यक्ष कमल सिंघवी, ज़िला उद्योग केन्द्र के महा प्रबन्धक एसएल पालीवाल, रीको के सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक एचएन बुनकर, वित्त निगम प्रथम शाखा प्रबन्धक अलका सलूजा व द्वितीय शाखा प्रबन्धक अब्दुल कय्यूम ने नवल को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर डीआर सांखला, केके व्यास, भँवर सिंह, राजेन्द्र मोहनोत, रामराज पुरोहित, अब्दुल सलाम, केसी गांधी व एचके शर्मा आदि ने भी नवल का माल्यार्पण किया। संचालन उप प्रबन्धक अनिल जोशी ने किया।

## मिस्टर बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता कल

जोधपुर, 31 दिसम्बर (कासं)। जोधपुर बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला स्तरीय मिस्टर जोधपुर बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 2 जनवरी को मसूरिया स्थित सनसिटी जिम में आयोजित होगी। सचिव प्रश्न तेजी ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने इच्छुक खिलाड़ी अपना वजन 2 जनवरी को दोपहर 3 बजे देंगे तथा प्रतियोगिता शाम 6 बजे प्रारंभ होगी। आयोजन सचिव सुरेश वैष्णव ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे, वहीं इस प्रतियोगिता के बाद जोधपुर की जूनियर एवं सीनियर बॉडी बिल्डिंग टीम का चयन किया जाएगा जिसमें जूनियर बॉडी बिल्डिंग की टीम 5 जनवरी को नागौर में आयोजित होने वाली जूनियर मिस्टर राजस्थान बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में भाग लेगी।

## चौधरी को बैडमिंटन में दोहरा खिताब

जोधपुर, 31 दिसम्बर (कासं)। नेनू बैडमिंटन एकेडमी ईदगाह द्वारा आयोजित मास्टर वरिष्ठ मास्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता द्रोणा बैडमिंटन एकेडमी में खेली गई। प्रतियोगिता में 30 वर्ष युगल में सुनील चौधरी व मुजफ्फर खान ने अंकित भाटी व अभिषेक सोनी को 21-18, 16-21, 21-10 से हराया। 40 वर्ष युगल में रजनीश सोनी व अभिषेक सोनी ने राजेश व भरत को 21-18, 21-16 से हराया। मिक्स युगल में सुनील चौधरी व खुशबू खान ने गजेन्द्र सिंह व हंस वाहिनी को 21-17, 21-15 से हराकर प्रतियोगिता में दोहरे खिताब जीता। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि रीना बिस्सा थी। अध्यक्षता राहुल पाराशर ने की। विशिष्ट अतिथि राकेश पुरोहित थे। आयोजन सचिव मेहबूब खान ने आभार व्यक्त किया। संचालन भवानीसिंह ने किया।

Postal Regn No.Jaipur City/007/2018-20 || पश्चिमी राजस्थान की आवाज || मूल्य : दो रुपये

**शुभकामनाएं**

आने वाला यह साल आपके लिए सबसे अच्छा रहे और ईश्वर आपको और ज्यादा कामयाब बनाये, इसी दुआ के साथ आपको नए साल की शुभकामनाएं।


# दैनिक जलतेदीप

संस्थापक स्व. माणक मेहता


**।। दसवां वेद ।।**

भैरव डर किण बात रो, जो अपणै मन सांच। आपै परगट होवसी, ओ कंचन ओ कांच।।

(अर्थ व कथा पेज चार पर)

www.dainikjaltedeep.com वर्ष: 22 अंक: 334 जयपुर, बुधवार 01 जनवरी, 2020 कुल पृष्ठ: 8 Email : news@dainikjaltedeep.com

# आज से यात्री किराए में बढ़ोत्तरी, नए साल पर रेलवे का महंगाई गिफ्ट

■ जलतेदीप संवाददाता, जयपुर

नया साल पर इंडियन रेलवे ने किराए में बढ़ोत्तरी कर यात्रियों को तगड़ा झटका दिया है। नया रेल किराया एक जनवरी से लागू होगा। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों पर यात्री किराये में बढ़ोत्तरी का बड़ा असर होगा। रेलवे ने 4 पैसे प्रति किलोमीटर तक यात्रि किराए में बढ़ोतरी की है। रेलवे ने मेल और एक्सप्रेस ट्रेन के लिए 2 पैसे प्रति किलोमीटर और एसी ट्रेन के किराए में 4 पैसे प्रति किमी की बढ़ोतरी की है।



### एसी फर्स्ट क्लास/इकॉनोमी क्लास/ईए- 4 पैसे प्रति किलोमीटर

*उपनगरीय (सब अर्बन) रेल सेवा और सीजन टिकट के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है।*

**ऐसे समझे बढ़े हुए किराए का गणित** : नई दिल्ली से पटना की दूरी करीब 1000 किलोमीटर है। अगर आप नई दिल्ली से पटना तक ऑर्डिनरी नॉन एसी ट्रेन से सफर करते हैं तो बढ़े हुए किराए के मुताबिक आपको 10 रुपये ज्यादा देने होंगे। अगर आप नई दिल्ली से पटना के लिए नॉन एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेन में सफर करते हैं तो आपको 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी के हिसाब से 20 रुपये ज्यादा देने होंगे। वहीं, इसी सफर को अगर आप एसी क्लास में तय करते हैं तो आपको 40 रुपये ज्यादा चुकाने होंगे।

### कितना है रेलवे का बढ़ा हुआ किराया?

**मेल/एक्सप्रेस नॉन एसी का किराया**

सेकेंड क्लास (मेल/एक्सप्रेस) - 2 पैसे प्रति किलोमीटर
स्लीपर क्लास (मेल/एक्सप्रेस) - 2 पैसे प्रति किलोमीटर
फर्स्ट क्लास (मेल/एक्सप्रेस) - 2 पैसे प्रति किलोमीटर

**ऑर्डिनरी नॉन एसी का किराया**

सेकेंड क्लास ऑर्डिनरी - एक पैसे प्रति किलोमीटर
स्लीपर क्लास ऑर्डिनरी - एक पैसे प्रति किलोमीटर
फर्स्ट क्लास ऑर्डिनरी - एक पैसे प्रति किलोमीटर

**एसी क्लास का किराया**

एसी चेयर कार- 4 पैसे प्रति किलोमीटर
एसी 3-टियर/3ई- 4 पैसे प्रति किलोमीटर
एसी 2-टियर- 4 पैसे प्रति किलोमीटर

## एक नजर

### नये साल पर राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

■ जलतेदीप संवाददाता, जयपुर

प्रदेश के राज्यपाल कलराज मिश्र ने लोगों को नव वर्ष - 2020 पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने सन्देश में कहा है नये वर्ष में हमें नये सिरे से मंथन करना होगा। नवीन आशा व दृढ़ विश्वास के साथ भावी चुनौतियों के लिए स्वयं को सक्षम बनाना होगा। उज्वल, शांतिपूर्ण, समृद्ध और सुखमय जीवन के लिए सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

### मुख्यमंत्री की नए साल पर शुभकामनाएं

■ जलतेदीप संवाददाता, जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नववर्ष पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्वल भविष्य की कामना की है। गहलोत ने कहा कि नया साल लक्ष्य प्राप्ति के लिए नई ऊर्जा के साथ संकल्प लेने का एक अवसर है। उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे प्रदेश को सुख-समृद्धि व खुशहाली के लिए नए उत्साह के साथ जुट जाएं तथा प्रदेश की उन्नति में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेशवासी आपस में मिलजुल कर भाईचारे के साथ रहने का निश्चय करें, जिससे सामाजिक समरसता बनी रहे।

### अब सुप्रीम कोर्ट के नाम से जाना जाएगा प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन

■ एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने मुकरबा चौक और प्रगति मैदान का नाम बदल दिया है। अब मुकरबा चौक, शहीद विक्रम बत्रा चौक जबकि सुप्रीम कोर्ट के नजदीक मेट्रो स्टेशन जो अभी तक प्रगति मैदान के नाम से जाना जाता है, वह सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन के नाम से जाना जाएगा। वहीं, सरकार ने बदरपुर-मेहरौली रोड का नाम बदलकर आचार्य श्री महाप्रज्ञ मार्ग कर दिया है। मंगलवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इसकी जानकारी दी। इस फैसले पर खुशी जताते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, मुझे बताते हुए बेहद खुशी है कि दिल्ली सरकार ने मुकरबा चौक और फ्लाईओवर का नाम शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा जी के नाम पर रखने का फैसला लिया है।

### बांग्लादेश ने भारत सीमा पर मोबाइल सेवा बंद की

■ एजेंसी, नई दिल्ली

बांग्लादेश सरकार ने सुरक्षा कारणों से भारत सीमा पर मोबाइल नेटवर्क सेवा को बंद कर दिया है। जानकारी के मुताबिक इस वजह से एक करोड़ लोग प्रभावित होंगे। भारतीय संसद में नागरिकता संशोधन कानून के पारित होने के बाद बांग्लादेशी सरकार ने टेलीकम्युनिकेशन आपरेटरों को यह निर्देश दिए हैं। ऑपरेटरों ने भारतीय सीमा के एक किलोमीटर के दायरे में नेटवर्क बंद कर दिए हैं। बांग्लादेश टेलीकम्युनिकेशन रेग्युलेटरी कमीशन ने ग्रामीणफोन, टेलीटॉक, रोबी और बांग्लालिंक को रविवार को इस संबंध में निर्देश भेजा है। इसके मुताबिक अगले नोटिस तक सीमावर्ती क्षेत्रों में नेटवर्क सेवा बंद रहेगी।

# कुछ काम अधूरे, नई भूमिका में योजनाएं बनाऊंगा : रावत

## जनरल नरवणे ने 28वें सेना प्रमुख का पदभार संभाला

■ एजेंसी, नई दिल्ली

जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने मंगलवार को 28वें सेना प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। 3 साल सेना प्रमुख रहे जनरल बिपिन रावत ने उन्हें चार्ज देने से पहले कहा कि आर्मी चीफ का काम कठिन होता है। उम्मीद है कि नरवणे यह जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे। इससे पहले जनरल रावत ने नेशनल वॉर मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्हें देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किया गया है। वे बुधवार (1 जनवरी) को चार्ज लेंगे।

जनरल रावत ने बतौर सेना प्रमुख आखिरी बार परेड की सलामी ली, उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने कहा कि कुछ काम अधूरे रह जाते हैं, नई जिम्मेदारी लेने के बाद योजनाएं बनाऊंगा। नॉर्दर्न, ईस्टर्न, वेस्टर्न और बर्फीले इलाकों में मोर्चे पर तैनात जवानों को शुभकामनाएं देता हूं। जो जान की परवाह किए बिना देश की सेवा में लगे हैं। वे अपने परिवार को छोड़कर सीमा पर तैनात रहते हैं। मुझे विश्वास है कि नरवणे अपनी ड्यूटी को बखूबी निभाएंगे। आज खास मौका है। पिछले तीन सालों में मुझे सहयोग देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद देता हूं। उनके कारण ही सफलतापूर्वक कार्यकाल पूरा कर पाया।

### पाक सेना की हर कोशिश नाकाम साबित हुई

**नरवणे ने न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा कि प्रायोजित आतंकवाद से हमारा ध्यान भटकाने की पाकिस्तान की सेना हर कोशिश विफल साबित हुई है। आतंकवादियों के सफाए और आतंकी नेटवर्क के खात्मे से पाकिस्तान के प्रॉक्सी वार के ढांचे को काफी नुकसान पहुंचा है।**



### पाक ने आतंकवाद बंद नहीं किया तो खतरे की जड़ पर वार कर देंगे : नरवणे

**सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने मंगलवार को कहा कि अगर पाकिस्तान ने प्रायोजित आतंकवाद बंद नहीं किया तो हम पहले ही खतरे की जड़ पर वार करेंगे और यह हमारा अधिकार है। उन्होंने कहा कि हमारे पास प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए विकसित रणनीति है। सेना प्रमुख ने कश्मीर पर कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद वहां आतंकी गतिविधियों में कमी आई है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ पर नवनियुक्त आर्मी चीफ ने कहा- जिस तरह से हम अभी ऑपरेट कर रहे हैं, सीडीएस निश्चित तौर पर उसमें बड़ा बदलाव लाएंगे। वे पूरे सैन्य तंत्र में आमूलचूल सुधार लाएंगे। मूलभूत सुधार क्षमता को बढ़ाना और किसी भी समय तैयार रहना है।**

### जयपुर में ठंड के कारण 8वीं कक्षा तक के लिए अगली सूचना तक अवकाश घोषित

■ जलतेदीप संवाददाता, जयपुर

शहर में लगातार बढ़ती ठंड के कारण मंगलवार को स्कूलों में 1 जनवरी से अग्रिम आदेश तक छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। कक्षा 8वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए अवकाश की घोषणा की गई है। जयपुर जिला कलेक्टर जोगा राम द्वारा ये आदेश जारी किए गए हैं। बता दें कि जयपुर में पिछले कई दिनों से ठंड का दौर लगातार जारी है। जो मंगलवार को 2.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बता दें कि कई अभिभावकों ने जिला कलेक्टर से एक सप्ताह का अवकाश घोषित करने की मांग की थी। इसको लेकर मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन भेजा गया था। अभिभावक इस बात को लेकर चिंतित थे कि कड़ाके की सर्दी में बच्चे सुबह जब घर से निकलेंगे तो कहीं शीतलहर की चपेट में आकर बीमार नहीं पड़ जाए। पिछले साल तक 25 दिसंबर से 7 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित था। यह सिलसिला चार सालों से चल रहा था। लेकिन प्रदेश में नई सरकार बनने के निर्णय हुआ कि शीतकालीन अवकाश की अवधि 31 दिसंबर तक कर दिया गया था। मौसम विभाग के अनुसार अचानक ठंड बढ़ने का कारण उत्तरी अक्षांशीय ठंडे इलाकों से उत्तरी सर्द हवाएं लगातार राजस्थान में प्रवेश कर रही है। जिसके चलते वातावरण ठंडा और शुष्क हो जाता है और न्यूनतम तापमान में गिरावट होती है।

### चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स की राष्ट्रीय सेमिनार 'प्रकर्ष'

# मजबूत अर्थव्यवस्था के बिना विकास संभव नहीं : मुख्यमंत्री

■ जलतेदीप संवाददाता, जयपुर





मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि किसी भी देश की तरक्की का आधार वहां की अर्थव्यवस्था होती है। मजबूत अर्थव्यवस्था के बिना विकास संभव नहीं है। उन्होंने देश के वर्तमान आर्थिक हालातों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इन विषम परिस्थितियों में राजस्थान सरकार ने राजस्थान औद्योगिक विकास नीति, एमएसएमई एक्ट, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2019 सहित उद्योग क्षेत्र के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं, जो निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे। गहलोत मंगलवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स के राष्ट्रीय सेमिनार 'प्रकर्ष' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन की नीति के साथ काम कर रही है। सीए जगत की भी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका है। आपके सुझाव गुड गवर्नेंस और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में मददगार साबित हो सकते हैं।



### सामाजिक सुरक्षा योजनाएं बढ़ाती हैं लोगों की क्रय क्षमता

**मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपीए सरकार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं मनरेगा सहित सामाजिक सुरक्षा की कई योजनाएं संचालित की गईं, जिनसे लोगों की क्रय क्षमता बढ़ी। कई बार इन योजनाओं पर प्रश्न खड़े किये गये, लेकिन गरीबों की जेब में जब तक पैसा नहीं पहुंचेगा और उनकी परचेजिंग पावर नहीं बढ़ेगी तो अर्थव्यवस्था में मंदी का माहौल दूर नहीं हो सकता। बेहतर अर्थव्यवस्था के लिए लोगों की क्रय क्षमता बढ़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की नीतियों को अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है।**

### काले धन को रोकने के लिए राजनीतिक दल पहल करे

**मुख्यमंत्री ने काले धन का जिक्र करते हुए कहा कि राजनीतिक पार्टियों को इस दिशा में पहल करनी चाहिए। उन्होंने पार्टियों को चुनावी बॉण्ड के तहत मिलने वाले चंदे पर सवालिया निशान खड़े करते हुए कहा कि राजनीतिक चंदे के लिए एक पारदर्शी सिस्टम बनना चाहिए। कार्यपालिका, विधायिका एवं न्यायपालिका को इसके लिए सामूहिक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियों को अगर चंदे के रूप में काला धन मिलेगा तो फिर हम भ्रष्टाचार मुक्त देश की कल्पना कैसे कर सकते हैं।**

### राजस्थान के घरानों ने उद्योग जगत में किया नाम रोशन

**गहलोत ने सीए जगत में राजस्थान की विशेष पहचान होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह राजस्थान का सौभाग्य है कि यहां के सीए देशभर में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान की माटी में ही ऐसी बात है कि बजाज, सिंघानिया, बिड़ला सहित यहां से निकले कई घरानों ने उद्योग क्षेत्र में अपना नाम रोशन किया है और आज देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। जयपुर सिटीजन फोरम के चैयरमेन राजीव अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राज्य सरकार गुड गवर्नेंस की दिशा में आगे बढ़ रही है।**

### महाराष्ट्र : 5 कांग्रेस नेता भी नाखुश

## कैबिनेट विस्तार के अगले दिन राकांपा विधायक ने इस्तीफा देने का ऐलान किया

■ एजेंसी, मुंबई

महाराष्ट्र में सोमवार को हुए उद्धव कैबिनेट के विस्तार के बाद मंगलवार को वरिष्ठ राकांपा नेता और विधायक प्रकाश सोलंकी ने विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देने की घोषणा की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कांग्रेस के भी कुछ वरिष्ठ नेता मंत्रिमंडल में जगह न मिलने से नाखुश हैं। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चाह्वाण, पूर्व मंत्री नसीम खान, तीन बार की विधायक प्रणीति शिंदे, संग्राम थोपते, अमीन पटेल शामिल हैं। सभी ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी मलिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी तक अपनी नाराजगी पहुंचाई है। विधायक सोलंकी ने कहा, 'मैं अपनी पार्टी के किसी नेता से नाखुश नहीं हूं। मैंने राकांपा नेताओं को पद छोड़ने के अपने फैसले से अवगत करा दिया है। मैं मुंबई में विधानसभा अध्यक्ष से मिलूंगा और अपना त्याग पत्र सौंपूंगा। मेरे इस्तीफे का मंत्रिमंडल विस्तार से कोई लेना-देना नहीं है। राकांपा के सोलंकी चार बार विधायक रह चुके हैं। उनके पिता सुंदर राव सोलंकी महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं।

### कांग्रेस विधायक के समर्थकों ने तोड़फोड़ की

**कांग्रेस विधायक संग्राम थोपटे के कार्यकर्ताओं ने पुणे में कांग्रेस भवन में तोड़फोड़ कर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता थोपटे को राज्य के मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने से नाराज थे। इससे पहले सोमवार को उद्धव कैबिनेट के शपथ ग्रहण से पहले भी थोपटे को मंत्रिमंडल में शामिल करने को लेकर प्रदर्शन किया था।**

### समर्थक ने खून से चिट्ठी लिखी

**सोलापुर में प्रणीति शिंदे के समर्थकों ने खून से लिखी चिट्ठी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेजी है। इसमें प्रणीति को मंत्री बनाने की मांग की गई है। प्रणीति वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे की बेटी हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने इस्तीफा देने की चेतावनी दी है।**

### अमित शाह 3 जनवरी को जोधपुर में

■ जलतेदीप संवाददाता, जोधपुर

एनआरसी और सीएए को लेकर विपक्ष ने देशभर में बीजेपी को घेरा है लेकिन अब भाजपा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के घर में कांग्रेस को घेरेगी। 3 जनवरी को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह जोधपुर आएंगे और यहां सीएए और एनआरसी पर गहलोत के तीखे हमलों का करारा जवाब देंगे। दरअसल, शाह यहां पार्टी के जनजागरण अभियान में शिरकत करने पहुंच रहे हैं और कांग्रेस के शांति मार्च को गहलोत के गढ़ जोधपुर में रैली के जरिए करारा जवाब दिया जाएगा। इस रैली में पार्टी एक लाख लोगों को जुटाने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार तीन जनवरी को होने वाली इस रैली में पाक विस्थापितों के दर्द को जनता के बीच किया साझा किया जाएगा। पाक विस्थापितों की नागरिकता के समर्थन में प्रताप नगर के आदर्श विद्या मंदिर मैदान में जनजागरण सभा आयोजित होगी। इसमें एक लाख लोगों को जुटाने की तैयारी है। प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि ये जनजागरण रैली कांग्रेस द्वारा फैलाये जा रहे झूठ का पर्दाफाश करेगी।

**सर्दी का कहर जारी** — राजस्थान में कड़ाके की सर्दी के बाद पाला पड़ने से फसलों को नुकसान

# झारखंड में सर्दी से 15 की मौत, पंजाब में कोहरे से हुए हादसों में 12 की जान गई

■ एजेंसी, नई दिल्ली

देश के उत्तरी और पूर्वी हिस्से में भीषण सर्दी और शीतलहर जारी है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, बिहार, झारखंड, दिल्ली और चंडीगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में कई जगह न्यूनतम पारा 5ए तक पहुंच गया। झारखंड में सर्दी से इस सीजन में 15 लोगों की मौत हुई, तो वहीं पंजाब में कोहरे के चलते हुए हादसों में 12 लोगों की जान चली गई। रेल और विमान सेवाओं पर भी खासा असर पड़ा है। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश मे सर्दी से थोड़ी राहत मिल सकती है। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में सर्दी बढ़ने की आशंका है। सभी जगह कोहरा भी बरकरार रहेगा।



*कश्मीर के तंगमार्ग में झरना जमा, मंगलवार को यहां तापमान -7ए रहा।*

### राजस्थान में 1ए तापमान के साथ सीकर सबसे ठंडा

**मंगलवार सुबह राज्य के सभी शहरों के तापमान में 1ए से 2ए की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सबसे कम तापमान सीकर में 1ए सेल्सियस रहा। सुबह के राज्य के अधिकांश इलाकों में कोहरा रहा। सोमवार को जयपुर से दो घंटे तक उड़ानें बाधित रही थीं। 1 ट्रेन भी रद्द रही, जबकि 7 देरी से चलीं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में शीतलहर जारी रहेगी। हालांकि पारे में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है और सुबह के समय कोहरा छाया रह सकता है।**

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2020

## इंदौर पहली और दूसरी तिमाही में देशभर में टॉप पर

■ एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मौजूदा वित्त वर्ष में स्वच्छता सर्वेक्षण की पहली और दूसरी तिमाही के आंकड़े मंगलवार को जारी किए गए। दोनों में इंदौर देशभर के सबसे स्वच्छ शहरों में टॉप पर रहा। इस सर्वेक्षण में पहली तिमाही में भोपाल नंबर दो पर था, लेकिन दूसरी तिमाही में वह खिसककर 5वें नंबर पर पहुंच गया। पहली तिमाही में 5वें नंबर पर रहने वाला राजकोट दूसरी तिमाही में छलांग लगाते हुए सीधे दूसरे नंबर पर पहुंच गया। 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले टॉप पांच शहरों में इंदौर के बाद राजकोट, नवी मुंबई, वडोदरा और फिर भोपाल रहा है। महापौर मालिनी गौड़ ने ट्वीट कर खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा है कि हमारा इंदौर फिर से नंबर 1 आया है। अब मुख्य परीक्षा की घड़ी भी आने वाली है। 4 से 31 जनवरी 2020 तक स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 चलेगा। हमें उस सर्वेक्षण में भी प्रथम आना है और स्वच्छता का चौका लगाना है।

**फटकारो...**





**एसीबी राजस्थान** — पकड़े गए 312 अधिकारी-कर्मचारियों से 1.58 करोड़ रूपए बरामद

# वर्ष 2019 में भ्रष्टाचार के 424 मामले हुए दर्ज

■ जलतेदीप संवाददाता, जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने इस साल प्रदेश में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए इस साल 424 अभियोग पंजीबद्ध किए गए हैं, जो पिछले साल की तुलना में 52 अधिक हैं। एसीबी के महानिदेशक आलोक त्रिपाठी ने मंगलवार को झालाना सांस्थानिक क्षेत्र स्थित एसीबी मुख्यालय में नववर्ष की पूर्व संध्या पर एसीबी की कार्रवाई के संबंध में वर्षभर के आंकड़ों पर जानकारी दी। डीजी आलोक त्रिपाठी ने 1 जनवरी से 31 दिसम्बर 2019 की अवधि में भ्रष्टाचार के खिलाफ 424 अभियोग पंजीबद्ध किए गए हैं। पिछले साल 372 प्रकरण दर्ज किए गए थे।



डीजी त्रिपाठी ने बताया कि अधिकारियों-कर्मचारियों की ओर से रिश्वत की राशि लेने या रिश्वत मांगने के संबंध में 309 प्रकरण दर्ज हुए हैं, जिनमें 61 राजपत्रित अधिकारी और 248 अराजपत्रित अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने से संबंधित आरोप पर 27 अभियोग पंजीबद्ध हुए हैं। पद के दुरूपयोग करने से संबंधित आरोप पर 88 प्रकरण पंजीबद्ध हुए हैं।

**238 प्रकरणों में चालान एवं 98 प्रकरणों में एफआर** : डीजी त्रिपाठी ने बताया कि पूरे साल में 238 प्रकरणों में दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध चालान एवं 98 प्रकरणों में अंतिम प्रतिवेदन (एफआर) न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। इसी प्रकार वर्ष में 14 प्राथमिक जांच दर्ज की गई एवं पूर्व के वर्षों में दर्ज प्राथमिक जांचों सहित कुल 50 प्राथमिक जांचों का निस्तारण किया गया।

### 282 प्रकरण निस्तारित, 142 प्रकरणों में हुई सजा

**डीजी त्रिपाठी ने अभियोजन से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि कुल 282 प्रकरण निस्तारित किए गए हैं। न्यायालय के माध्यम से 142 प्रकरणों में सजा हुई है जो 54.40 फीसदी है। उन्होंने बताया कि ट्रैप में 124, पद के दुरूपयोग में 13 एवं आय से अधिक संपत्ति के पांच प्रकरणों में सजा हुई है। इसी प्रकार 119 प्रकरणों में आरोपी बरी हुए हैं। ट्रैप में 93, पद के दुरूपयोग में 18 एवं आय से अधिक संपत्ति के आठ प्रकरणों में आरोपी बरी हुए हैं। आरोपगणों की मृत्यु की वजह से 21 प्रकरण ड्रोप किए गए हैं।**

# प्रदेश में 65 से ज्यादा ऑल इंडिया सेवा अफसरों के प्रमोशन ऑर्डर जारी

■ जलतेदीप संवाददाता, जयपुर

प्रदेश में मंगलवार को प्रशासनिक ढांचे में फेरबदल देखने को मिला। जिसके अंतर्गत 65 से ज्यादा ऑल इंडिया सेवा अफसरों के प्रमोशन हुआ है। कार्मिक विभाग ने आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों के प्रमोशन ऑर्डर जारी कर दिए हैं।

सूची के अनुसार अजिताभ शर्मा, आलोक गुप्ता, दिनेश कुमार, राजेश यादव का सुपर टाइम वेतन श्रृंखला से अबोव सुपर टाइम वेतन श्रृंखला में प्रमोशन हुआ है।

वहीं रवि जैन, समित शर्मा, रवि सुरपुर, अंबरीश कुमार, सुरेंद्र सोलंकी, नरेंद्र कुमार गुप्ता, श्यामसिंह राजपुरोहित, प्रदीप बोरड़ का चयन वेतन श्रृंखला से सुपर टाइम वेतन श्रृंखला में पदोन्नति हुई है।

इसके अलावा विष्णु चरण मलिक, आनंदी, टीना सोनी, शुचि त्यागी, सीएल श्रीमाली, प्रतिभा सिंह, रामचंद्र डेनवाल राकेश जायसवाल, इंद्र सिंह, विरेंद्र बागावत, यज्ञमित्र सिंह देव, चौथीराम मीणा, पीसी पवन, सांवरमल वर्मा, महेश शर्मा, श्यामलाल गुर्जर, पवन अरोड़ा, दीपक नंदी, दिनेश चंद्र जैन, राजेंद्र भट्ट, जाकिर हुसैन को चयन वेतन श्रृंखला में पदोन्नति मिली है।

दैनिक जलते दीप

जयपुर, बुधवार 1 जनवरी 2020

## प्याज के आंसू

तीन महीने से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन प्याज के दाम सवा सौ से डेढ़ सौ रुपए किलो के बीच बने हुए हैं। देश के ज्यादातर शहरों में प्याज इसी भाव बिक रहा है। हालांकि सरकार एक नहीं, कई बार यह दावा कर चुकी है कि लोगों को कम दाम पर प्याज मुहैया कराने की दिशा में इसके आयात सहित कई कदम उठा रही है, लेकिन डेढ़ सौ रुपए किलो का भाव सरकार के इन दावों की कलई खोलने के लिए काफी है। जाहिर है, सरकारी प्रयासों का कहीं कोई असर नहीं दिख रहा है। तुर्की, मिस्र, अफगानिस्तान जैसे देशों से प्याज खरीदने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। आयातित प्याज के साथ बड़ी दिक्कत यह सामने आई है कि लोग इसे खरीद नहीं रहे। दरअसल, भारतीय परिवारों में देशी प्याज ही खाया जाता है और लोग इसके स्वाद के आदी हैं। अफगानिस्तान और तुर्की से जो प्याज आ रहा है, वह बेस्वाद तो है ही, उसका छिलका भी मोटा है और एक प्याज तीन सौ-चार सौ ग्राम तक का है। ऐसे में जो व्यापारी अपने स्तर पर इसका आयात कर रहे हैं, उनके सामने भी यह संकट खड़ा हो गया है कि जब लोग ले नहीं रहे तो इसे कहां खपाया जाए। भारत में इस साल प्याज उत्पादक राज्यों में भारी बारिश से फसलें चौपट हो गई थीं। इस कारण प्याज की पैदावार में भारी गिरावट आई और इसका नतीजा यह हुआ कि मांग और आपूर्ति में बड़ा अंतर बन गया। ऐसे में दाम चढ़ते चले गए। प्याज महंगा होने के पीछे सबके अपने-अपने तर्क हैं। कारोबारी कह रहे हैं कि देश में प्याज का स्टॉक काफी कम है, नई फसल आने में अभी वक्त है। हालांकि यह चक्र हर साल का है। अक्तूबर-नवंबर में नई फसल आने से पहले प्याज का स्टॉक कम ही रहता है। ऐसे में इसका सबसे ज्यादा फायदा जमाखोर उठाते हैं। सरकारें भी इस बात को अच्छी तरह समझती हैं, लेकिन जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। हालांकि सरकारें प्याज का पर्याप्त भंडार होने का दावा करती रहती हैं, फिर भी बाजार में किल्लत बनी रहती है। सरकारी दुकानों और भंडारों से रियायती दामों पर प्याज बेचने की योजनाएं भी चलाई जाती हैं। पर यहां भी जमाखोर और कालाबाजारी करने वाले पीछा नहीं छोड़ते और सस्ता प्याज लेकर महंगा बेचने का खेल करते रहते हैं। देश में प्याज की भारी कमी को देखते हुए सरकार ने सबसे पहले इसके निर्यात पर पाबंदी लगाई थी, ताकि देश में मांग पूरी की जा सके। हालांकि भारत में प्याज की पैदावार काफी होती है और भारत बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल जैसे देशों को निर्यात भी करता है। लेकिन प्याज का यह संकट हर तीन-चार महीने में एक झटका दे जाता है। प्याज ऐसी खाद्य वस्तु है जिसका लंबे समय तक भंडारण नहीं किया जा सकता और आलू से भी ज्यादा इसका इस्तेमाल होता है।

## टिड्डी से फसल बर्बादी

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के बाड़मेर, जालौर और जैसलमेर जिलों में टिडडी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर फसलों की हालत देखी और किसानों से नुकसानों के बारे में जानकारी ली। बाड़मेर जिले के धनाऊ क्षेत्र में अधिकांश खेतों में टिडडी पूरी फसल चट कर चुकी है और परेशान किसान अपने खेतों को रामभरोसे छोड़ दिया है। किसानों ने मुख्यमंत्री गहलोत को बताया कि लाखों करोड़ों की संख्या में आई टिडडी उनकी फसलें चट कर चुकी है, ऐसे में उनकी हालत बहुत खराब हो चुकी है। उनके अनुसार रबी सीजन में एक एक किसान की 8-10 लाख रूपये की फसल बर्बाद हुई है। किसानों ने मुख्यमंत्री से फसल बर्बादी का मुआवजा दिलाये जाने की मांग की, साथ ही पीएम फसल बीमा में हिडडी जैसी आपदा को शामिल करने की मांग भी की, ताकि इंश्योरेंस करने पर किसानों की फसल कवर हो सके।  कई किसान तो रो भी पड़े। गहलोत ने उन्हें सांत्वना दी और उन्हें उचित मुआवजा दिये जाने की आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि सर्वे व गिरदावरी होगी, उसके बाद पीड़ितों को सरकारी मदद मिलेगी। गहलोत ने आर्थिक स्तर पर स्पेशल गिरदावरी करवाने के निर्देश दिए हैं। गहलोत ने तीनों जिलों के टिडडी प्रभावित क्षेत्रों का दौरान किया। बाद में उन्होंने बताया कि इस बार टिडडी दल की बड़ी समस्या थी। इसके नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार की टीमों के साथ राज्य सरकार ने सहयोग किया, लेकिन लंबे समय बाद अचानक टिडडी का हमला हुआ था इसलिए ज्यादा नुकसान हुआ है। राज्य सरकार किसानों के साथ है। सरकार आपदा स्थिति में हमेशा साथ रही है और आगे भी रहेगी। उल्लेखनीय है कि इस बार पाकिस्तान से बड़े झुंड के रूप में भारत में घुसी टिडडी ने किसानों को बर्बाद कर दिया है। ये वे घुसपैठिए थी जो आसमान से आई और तबाही मचाकर लौट गई। गत 27 जुलाई को बाड़मेर जैसलमेर में पहला टिडडी अटैक हुआ था। पहले खरीफ की फसल चट की और अब रबी की फसल चट कर किसानों को बर्बाद कर दिया। टिडडी  का ऐसा हमला हुआ कि 5 माह में केंद्र और राज्य सरकार ने टिडडी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा नहीं किया। इन पांच माह में राजस्थान के 9 और गुजरात के 2 जिलों में 7 अरब की फसल टिडडी चट कर गई। इसके बाद केंद्र और राज्य सरकार जागी है। टिडडी दल ने उदयपुर  जिले में भी करीब 150 हैक्टेयर में रबी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया। साथ ही सागवान खैर, खाखरे, तेंदु, जामुन समेत कई औषधीयों के पेड़-पौधों के पत्तों का साफ किया। अब देखना यह है कि टिडडी से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा राज्य सरकार कब तक उपलब्ध करवाती है।

## ।। दसवां वेद ।।

-जुगल परिहार

दूहो दसमों वेद समझै तेनै सालै

### 8753. जो अपणै मन सांच

**भैरव डर किण  बात रो, जो अपणै मन सांच।**
**आपै परगट होवसी, ओ कंचन ओ कांच।।**

यदि अपने मन में सत्य हैं, तो फिर डर किस बात का? क्योंकि सत्य तो प्रकट होकर रहता है और यह सामने आ जाता है कि यह तो सोना है और यह कांच।।

सिवाणा के पास महेवास नगर आया हुआ था। उस नगर में सुलतान नामक सेठ रहा करता था। उसकी पत्नी का नाम धनश्री था। धनश्री की एक सहेली थी जिसका नाम सुरूपा था। एक दिन सुरूपा अपनी सहेली धनश्री के पास मिलने आई और दोनों आपस में बातें करने लगी। उस दिन धनश्री का बत्तीस रत्नों वाला मूल्यवान हार खूंटी पर टंगा हुआ था। उस खूंटी के ठीक नीचे एक तैल-पात्र पड़ा हुआ था, जिसके कोई ढक्कन नहीं था। एक दौड़ता हुआ चूहा  उस खूंटी पर चढा तो वह हार उस तैल पात्र में गिर पड़ा। उसे तैल पात्र में पड़ते हुए किसी ने भी नहीं देखा। थोड़ी देर बाद जब दोनों सखियां बातें  खत्म कर चुकी तो सुरूपा अपने घर लौट गई। उधर जब धनश्री को खूंटी पर टंगा अपना हार नहीं मिला तो उसने सोचा कि घर में सुरूपा के सिवाय तो कोई घर में आया नही है, अतः अवश्य वही मेरा हार ले गई है। धनश्री चिंता में पड़ गई। जब सेठ सुलतान भोजन करने के लिए घर आया तो उसने धनश्री को उदास देखा। उसने उससे उदासी का कारण पूछा। तब धनश्री ने हार खोने का वृतांत कहा। तब सेठ सुलतान सुरूपा के पति के पास गया और उसे हार के खो जाने की घटना से अवगत कराया। सुरूपा का पति अपने घर गया और उसने सारी बात बताकर कहा कि तुम्हारी सखी का मानना है कि वह हार तुमने चुराया है। अपने घर कलंक आने की बात जानकर सुरूपा को अत्यंत दुख हुआ। सुरूपा के प्रति ने उसे निर्दोष जानकर सेठ सुलतान से जाकर कहा कि मित्र मेरी स्त्री ने तुम्हारा हार नहीं लिया है तो उसी के समान मूल्य वाला यह मेरा हार स्वीकार करो। सेठ सुलतान ने वह हार लेकर अपत्नी पत्नी धनश्री को दे दिया। सारी बात गुप्त रूप से ढकी रह गई। जब उस तैल पात्र का तैल धीरे धीरे बिक गया और नीचे मैल में लिपटा हुआ हार निकला तो सेठ सुलताना को बडी भारी चिंता हुई। उसने सोचा कि मेरे जैसा पापी कौन होगा, जिसने सुरूपा जैसी सती साध्वी महिला को मिथ्या कलंक लगाया और उसका हार लेकर चांडाल कर्म किया। वह पश्चात्तापपूर्वक सुरूपा का हार लेकर उसके घर गया और उसके चरणों में गिर कर क्षमा याजनापूर्वक हार सौंप आया। सुरूपा को अपने कलंक उतरने और हार के मिल जाने से अत्यंत प्रसन्नता हुई।

# नवल वर्ष का धवल दिवस यह, राही तुमको मंगलमय हो

**– श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव**

नये साल के पहले दिन सूरज की पहली किरण हम सबके जीवन में, सारे विश्व के लिए शांति, सुरक्षा, प्रसन्नता, समृद्धि और उन्नति लेकर आये यही कामनायें हैं। यद्यपि चिंतन योग्य शाश्वत सच तो यह है कि सूरज तो हर दिन उसी ऊर्जा के साथ ऊगता है, दरअसल यह हम होते हैं जो किसी तारीख को अपने व्यवहार और कामो से स्वर्ण अक्षरो में अंकित कर देते हैं, या फिर उस पर कालिख पोत डालते हैं। ये स्वर्णाक्षरों में अंकित दिन या कालिमा लिये हुये तारीखें इतिहास के दस्तावेजी पृष्ठ बन कर रह जाते हैं।



नववर्ष का अर्थ होता है कैलेंडर में साल का बदलाव। समय को हम सेकेण्डों, मिनटों, घंटों, दिनों, सप्ताहों, महीनों और सालों में गिनते हैं। वर्ष जिसकी तारीखो के साथ हमारी जिंदगी चलती है। जिसके हिसाब से हम त्यौहार मनाते हैं, कैलेण्डर उन तिथियो का हिसाब रखता है। प्रकृति और मौसम में बदलाव के साथ हमारा खान पान, पहनावा, रहन सहन बदलता रहता है, प्रकृति सदा से बिना किसी कैलेण्डर के नियमित और व्यवस्थित परिवर्तन की अनुगामी रही है, वास्तविकता तो यह है कि प्रकृति स्वयं ही एक सुनिश्चित नैसर्गिक कैलेण्डर है। प्रकृति और मौसम के इस बदलाव को कैलेंडर महीनो और तारीखो में गिनता है। बैंको में वित्तीय वर्ष अप्रैल से शुरू होता है, तो भारतीय पंचांग की अपनी तिथियां होती हैं। विश्व के अलग अलग हिस्सो में अलग अलग सभ्यताओ के अपने अपने कैलेण्डर हैं पर ग्रेगेरियन कैलेण्डर को आज वैश्विक मान्यता मिल चुकी है, और इसीलिये रात बारह बजते ही जैसे ही घड़ी की सुइयां नये साल की ओर आगे बढ़ती हैं दुनिया हर्ष और उल्लास से सराबोर हो जाती है, लोग खा पी कर, नाच गा कर अपनी खुशी को व्यक्त करते हैं। परस्पर शुभकामनाओ तथा उपहारो का आदान प्रदान करके अपने मनोभावो को अभिव्यक्त करते हैं। हर कोई अपने जानने वालों को बधाई देता है और आने वाले समय में उसके भले और सफलता की कामना करता है, मैं भी आप सबके साथ पूरे विश्व के प्रत्येक प्राणी की भलाई की कामना में शामिल हूँ। ईश्वर करे कि हम सबकी शुभकामना पूरी हो और यह जो प्रकृति जिसे हम परमात्मा की छाया कहते हैं उसका स्वरूप और सुंदर बन पाए। सब प्राणी एक-दूसरे का भला मांगते हुए, भला करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर हों, यही प्रार्थना है।

लेकिन इस सबके साथ ही नये साल का मौका वह वक्त भी होता है जब हमें अपने आप से एक साक्षात्कार करना चाहिये। अपने पिछले सालो के कामो का हिसाब खुद अपने आप से मांगना चाहिये। अपने जीवन के उद्देश्य तय करने चाहिये। क्या हम केवल खाने पीने के लिये जी रहे हैं या जीने के लिये खा पी रहे हैं ? हमें अपने लिये नये लक्ष्य निर्धारित करना चाहिये और उन पर अमल करने के लिये निश्चित कार्यक्रम बनाना चाहिये। स्व के साथ साथ समाज के लिये सोचने और कुछ करने के संकल्प लेने चाहिये। अपना, और अपने बच्चो का हित चिंतन तो जानवर भी कर लेते हैं, यदि हम जानवरो से भिन्न सोचने समझने वाले सामाजिक प्राणी हैं तो हमें अपने परिवेश के हित चिंतन के लिये भी कुछ करना ही चाहिये, अपने सुखद वर्तमान के लिये हम अपने पूर्वजो के अन्वेषणो और आविष्कारो के लिये समाज के ऋृणी हैं, अतः समाज के प्रति हमारी भी जबाबदारी बनती है और नये साल पर जब हम आत्म चिंतन करें तो हमें सोचना चाहिये कि अपने क्रिया कलापों से किस तरह हम समाज के इस ऋृण से मुक्त हो सकते हैं। हमें समझना चाहिये कि पाने के सुख से देने का सुख कहीं अधिक महत्वपूर्ण और दीर्घजीवी होता है। आइये नये साल के इस पहले दिन हम दृढ़ संकल्प करें कि हम आगामी समय में अपने बुरे व्यसन छोड़ेंगे। महिलाओ का सम्मान करेंगे। अपने कार्य व्यवहार से देश भक्ति का परिचय देंगे। अपने परिवेश में सवच्छता रखेंगे और आत्म उन्नति के साथ साथ अपने परिवेश की प्रगति में मददगार बनेंगे। भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने में स्वयं का हर संभव योगदान देंगे। निहित स्वार्थों के लिये नियमो से समझौते नही करेंगे। मेरा विश्वास है कि यदि हम इन बिंदुओ पर मनन चिंतन कर इन्हें कार्य रूप में परिणित करेंगे तो अगले बरस जब हम नया साल मना रहे होंगे तब हमें अपनी आंखों में आँखें डालकर स्वयं से बातें करने में गर्व ही होगा। पुनः पुनः इन संकल्पों के सक्षम क्रियांवयन के लिये अशेष मंगलकामनायें।

## जल तरंग

### नये साल में कुछ हो नया

*साल 2019 देखते-देखते चला गया और 2020 आ ही गया। ज्यादा नहीं, बस 19-20 का ही फर्क है। इस ज़रा से फर्क में पूरे तीन सौ पैंसठ दिनों का इतिहास दर्ज है, असंख्य गाथायें और उतार-चढ़ाव। साल बदलने का सबसे ज्यादा फर्क पड़ता है दीवार पर। चुपचाप एक दिन सुबह पुराना कैलेंडर उतर जायेगा और नया लटक जायेगा। जैसे झारखंड में एक सरकार उतर गई और दूसरी सिंहासन पर चढ़ बैठी।*

*नया साल आने से दस दिन पहले ही शुभकामनाओं के संदेश मोबाइल में तड़ातड़ आने प्रारम्भ हो गये थे। जैसे कोई मिसाइल की बरसात-सी हो रही हो। किसी से शायरी टपक रही है, किसी से गुलाब, किसी से किरणें और किसी से गिले-शिकवे भुलाने की अपीलें। बिजनेस की दृष्टि से देखें तो रंग-बिरंगे कार्ड बनाने-छापने वालों पर भारी गाज गिर चुकी है। नये साल पर छपे हुए कार्ड भेजना अब बीते सालों की बात हो गयी है।*

*नववर्ष की बधाई देने के लिये कल एक सहेली को फोन किया तो उसकी धीमी-सी आवाज सुनकर मैंने पूछा–नींद में है क्या। बोली–नहीं मैं तो बीजेपी में हूं। मैंने कहा–सो जा आराम से। पिछले साल में खोये-पाये का आकलन करें तो एक बात उभर कर आती है कि देश स्थानीय मुद्दों को खो चुका है। आम आदमी की जरूरतें आज किसी की प्राथमिकता नहीं हैं। एक पति अपनी डींग मारते हुए कह रहा था कि मेरे घर में बड़े-बड़े विषयों पर उसकी चलती है और छोटी बातों पर उसकी पत्नी की, जैसे सब्जी क्या बनेगी, त्योहार कैसे मनायें, कपड़े-बर्तन कहां से खरीदें आदि पर मेरी घरवाली की मनमानी चलती है और यूएनओ में किस मुद्दे पर बहस हो, देश के लिये विमान किस देश से खरीदे जायें, जीडीपी की दर क्या हो आदि पर मेरी चलती है। छोटी समस्याओं पर बात अब सिर्फ गली के नुक्कड़ या नाई की दुकान पर होती है, सरकार तो बड़े-बड़े मुद्दों पर बातें करती है, आम आदमी हाशिये पर जा रहा है।*

*नये साल पर कामना है कि आम मुद्दों पर सरकारी निगाहें टिकें ताकि आमजन को उसके हिस्से की धूप और रोशनी मिल सके।*

# बेहतर दुनिया हेतु उत्सर्जित कार्बन का उपयोग

**– मुकुल व्यास**

कार्बन डाइऑक्साइड को ईंधन या निर्माण सामग्री में बदलने का काम एक नया वैश्विक उद्योग बन सकता है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड तथा पांच अन्य संस्थानों द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में यह बात कही गई है। यदि ऐसा हुआ तो इससे ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आएगी और पर्यावरण को फायदा होगा। नेचर पत्रिका में प्रकाशित यह रिसर्च कार्बन डाइऑक्साइड के उपयोग के बारे में अब तक का सबसे विस्तृत अध्ययन है। कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग 10 विभिन्न तरीकों से हो सकता है। इनमें ईंधन, रसायन, प्लास्टिक्स, बिल्डिंग मैटेरियल, मृदा प्रबंधन तथा वानिकी शामिल हैं।

रिसर्चरों ने कार्बन डाइआक्साइड के उपयोग की लागत का अध्ययन किया है। उन्होंने इस बात पर विचार किया है कि खनिज तेलों के जलने से निकलने वाली गैसों या वायुमंडल से कार्बन डाइआक्साइड को कैसे पकड़ा जाए और इसके लिए कौन-सी औद्योगिक प्रक्रिया इस्तेमाल की जाए। इस विषय पर पिछले अध्ययनों से आगे जाकर रिसर्चरों ने उन प्रक्रियाओं पर भी विचार किया जो फोटोसिंथसिस (प्रकाश संश्लेषण) द्वारा पकड़ी जाने वाली कार्बन डाइआक्साइड का उपयोग करती हैं। रिसर्चरों ने पता लगाया कि गैस के उपयोग के हर तरीके से प्रति वर्ष करीब 0.5 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड का इस्तेमाल हो सकता है। एक गीगाटन एक अरब टन के बराबर होता है। सभी क्षेत्रों में संपूर्ण क्षमता का उपयोग होने पर 10 गीगाटन से अधिक कार्बन डाइआक्साइड का उपयोग हो सकता है। प्रति टन कार्बन डाइऑक्साइड पर करीब 100 डॉलर की लागत आएगी।




रिसर्चरों का कहना है कि कार्बन डाइऑक्साइ के उपयोग की लागत हर क्षेत्र के लिए अलग-अलग हो सकती है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया की प्रोफेसर एमिली कार्टर ने कहा कि हमने जो विश्लेषण पेश किया है, उससे यह साफ हो गया है कि कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग जलवायु परिवर्तन से निपटने के समाधान का हिस्सा हो सकता है। लेकिन यह तभी संभव है जब सभी सरकारें इसके लिए प्रतिबद्धता दिखाएं, नीतियों में बदलाव करें, आवश्यक धन मुहैया कराएं और विभिन्न क्षेत्रों को इन्सेंटिव दें। उन्होंने कहा कि हमारे सामने वक्त बहुत कम है, हमें तत्काल कार्य करने की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) के अनुसार 21वीं सदी के शेष वर्षों में ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए वायुमंडल से करीब 100 से 1000 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड हटाने की आवश्यकता पड़ेगी।

इस समय जीवाश्म कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में हर साल करीब 1 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है जो 2018 में 37 गीगाटन के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया था। इस अध्ययन के सह-लेखक कैमरॉन हेपबर्न ने कहा कि शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करने और जलवायु को स्थिर करने के लिए ग्रीन हाउस गैस को हटाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमने अभी तक अपने उत्सर्जनों को कम करने में तत्परता नहीं दिखाई है, अतः हमें जल्दी ही वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को खींचना शुरू करना पड़ेगा। कार्बन डाइऑक्साइड के उपयोग के लिए नई टेक्नोलॉजी की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि उद्योग कितनी जल्दी उसे अपनाते हैं। कुछ टेक्नोलॉजिस अपने आकर्षक बिजनेस मॉडल की वजह से जल्दी अपनाई जा सकती हैं। मसलन, कुछ प्लास्टिक उद्योगों में फीडस्टॉक के रूप में कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग पारंपरिक हाइड्रोकार्बन की तुलना में अधिक फायदेमंद होगा।

कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करने के लिए कार्बन के भंडारण की सीसीएस (कार्बन कैप्चर एंड स्टोरेज) टेक्नोलॉजी अपनाने के भी सुझाव दिए गए हैं। नार्वे की साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर फिलिप रिंगरोस के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में कहा गया है कि दुनिया के समुद्री तटों की चट्टानों (कांटिनेंटल शेल्फ) में कार्बन के भंडारण के लिए पर्याप्त जगह है। अभी दुनिया में सिर्फ दो दर्जन सीसीएस प्रोजेक्ट शुरू हो पाए हैं। इसकी वजह उच्च लागत के साथ-साथ टेक्नोलॉजी की उपयोगिता के बारे में अनिश्चितता भी है। लेकिन रिसर्चरों का कहना है कि बहुत कम समय में चट्टानों में कार्बन डाइऑक्साइड के भंडारण के लिए कुएं (इंजेकशन वेल) निर्मित किए जा सकते हैं। इससे आईपीसीसी द्वारा निर्धारित लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। आईपीसीसी ने दुनिया में सीसीएस टेक्नोलॉजी के जरिए 2050 तक कार्बन उत्सर्जन में 13 प्रतिशत कटौती का लक्ष्य रखा है।

इस बीच,एक अन्य अध्ययन में वैज्ञानिकों ने चेताया है कि वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर में वृद्धि से बच्चों की बौद्धिक क्षमता पर असर पड़ सकता है। अमेरिका के कोलोराडो विश्वविद्यालय, कोलोराडो स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ और पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के रिसर्चरों ने इस बात के प्रमाण जुटाए हैं कि वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड के बढ़ते हुए स्तर से भविष्य में कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों की सोचने-समझने की क्षमता कमजोर हो जाएगी। उन्होंने अपनी रिसर्च का विवरण अमेरिका की जियोफिजिकल यूनियन की मीटिंग में रखा है। पिछले अध्ययनों में भी यह बात उभर कर सामने आई थी कि कार्बन डाइऑक्साइड की सामान्य से अधिक मात्रा बच्चों की सोचने की क्षमता को प्रभावित कर सकती है। अब रिसर्चरों ने यह पता लगाने की कोशिश की है कि वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड का बढ़ा हुआ स्तर एक कक्षा के अंदर बच्चे के ज्ञानार्जन को किस प्रकार प्रभावित करता है।

पिछले अध्ययनों से पता चला था कि प्रदूषण से बच्चों को सीखने-समझने में दिक्कत आती है लेकिन स्वच्छ हवा के लिए खिड़कियां खोलने से यह समस्या काफी हद तक दूर की जा सकती है। नए अध्ययन में रिसर्चरों ने इस बात पर ध्यान केंद्रित किया कि जब हवा में सामान्य से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड होगी तो क्या होगा। यह जानने के लिए उन्होंने एक मॉडल में दो परिदृश्यों की कल्पना की। पहले परिदृश्य में मनुष्य वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कटौती करता है और दूसरे परिदृश्य में कोई कटौती नहीं करता।

रिसर्चरों ने पाया कि पहले परिदृश्य में बच्चों की सीखने-समझने की क्षमता में 25 प्रतिशत कमी आएगी क्योंकि उत्सर्जन में कमी के बावजूद छात्रों को सामान्य से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड झेलनी पड़ेगी। उत्सर्जन में कोई कटौती न होने वाले दूसरे परिदृश्य में बच्चों की बौद्धिक क्षमता 50 प्रतिशत कम हो जाएगी। रिसर्चरों का कहना है कि सामान्य से अधिक मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड से युक्त हवा के प्रभावों के बारे मे यह पहला अध्ययन है। उन्होंने कहा कि उत्सर्जन खत्म करके इस समस्या से निपटा जा सकता है।

## न्यू ईयर मनाने आए चार फर्जी आर्मी अफसर हिरासत में

जलतेदीप निसं, अलवर

आर्मी अफसर बन कर पुलिस के सहारे अच्छी होटल में न्यू ईयर का आनन्द लेने आए चार फर्जी आर्मी अफसर आखिर पुलिस की सूझबूझ से पकड़े गए।



पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को प्रातः चार युवक शहर के एनईबी थाने में आए और धड़धड़ाते थानाधिकारी के कमरे में घुसे और एसएचओं की कुर्सी पर एक युवक बैठ गया अचानक आगन्तुकों का यह व्यवहार देख पुलिस कर्मी सकपका गए और उनसे अन्दर जाकर पूछा की आप कौन है तो उन्होंने बताया कि वे आर्मी इन्टेलीजेंसी से है और किसी जांच के सिलसिले में आए है आप हमारे लिए होटल बुक कराओं पुलिस कर्मचारी उनकी सैवा में लगे हुए थे तभी किसी पुलिस कर्मी ने उनसे होटल बुक कराने के लिए आई कार्ड मांग लिया आई कार्ड का नाम सुनते ही वे चारों वहां से खिसकने लगे उनकी हरकत को भाप कर पुलिस ने उन्हें दबौच लिया ओर उनके खिलाफ मुकद्वमा दर्ज कर जांच कार्य शुरू कर दिया है।

## चतुर्थ राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ समापन

जलतेदीप निसं, अलवर

चतुर्थ राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता क्रीड़ा भारती अलवर द्वारा 30 दिसम्बर को कस्बे के उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल में आयोजित की गई थी जिसका समापन मंगलवार को बड़ी धूमधाम से हुआ । समापन समारोह के मुख्य अतिथि जसवंत आर्य, अध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता, विशिष्ट अतिथि फतेमोहमद रहे इस अवसर पर कैलाश शर्मा कीड़ा भारती जिला अलवर के अध्यक्ष महावीर जाट, जिला मंत्री डॉ हरिओम सैनी, राधेश्याम जोशी, सह मंत्री क्रीड़ा भारती अलवर, कोषाध्यक्ष सर्जीत गुर्जर, जिला कार्यकारिणी की और से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया व अतिथियों द्वार सभी विजेता खिलाड़ियों को मेंडल व सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया गया। डॉ. हरिओम सैनी ने सफल आयोजन के लिए जिला कार्यकारिणी क्रीड़ा भारती अलवर को बधाई दी व अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



## सब्जी मंडी से चोरों ने उड़ाए 428 किलोग्राम प्याज

जलतेदीप निसं, अलवर

बढ़ती प्याज की कीमतों ने जहां एक ओर आम आदमी के लिए दिक्कतें पैदा कर दी हैं। वहीं, चोर भी सब्जी विक्रेताओं के लिए आफत बने हुए हैं। अलवर की नई सब्जी मंडी से चोर तकरीबन 438 किलोग्राम प्याज के कट्टे उड़ा ले गए । इस घटना के सामने आने के बाद पीड़ित दुकानदार ने सारी जानकारी थाने में दर्ज कराई। पीड़ित का कहना है कि चोर नई सब्जी मंडी स्थित फर्म अशोक कुमार दिनेश कुमार की दुकान से 6 कट्टे प्याज के चोरी कर के ले गए। हर एक कट्टे में करीब 73 किलो प्याज थी। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50,000 है। वही पीड़ित कहना है कि पास की लगी दुकान में सीसीटीवी कैमरे में ई रिक्शे के द्वारा प्याज चोरी घटना सीसीटीव कैमरे में कैद हुई । ई रिक्शा वीडियो फुटेज में चोरी करते हुए व्यक्ति की फोटो भी आ रही है।

## शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले का आयोजन 3 से 12 जनवरी तक

जलतेदीप निसं, झुंझुनू

शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले का आयोजन 3 से 12 जनवरी तक ग्रामीण हाट आबूसर में किया जा रहा है। मेले के सफल आयोजन के लिए मंगलवार को सूचना केन्द्र में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि यह मेला जिले को नई पहचान देने वाला है।

मेले में जहां विभिन्न प्रकार के उत्पाद एक ही जगह पर रियायती दरों पर उपलब्ध हो सकेंगे वहीं अपनी पहचान अन्य राज्यों में भी पहचानी जाएगी। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान पारम्परिक खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न उत्पादों की स्टॉल, मनोरंजन के लिए झूले इत्यादि लगाए जाएंगे। यहां पर ग्रामीण एवं शहरी लोगों के जुड़ाव से शेखावाटी की पहचान कायम होगी।

उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने बताया कि लोगों के आवागमन के लिए शहर से दो रोडवेज की निःशुल्क बस सेवा रहेगी। मेले में अभी तक 155 स्टॉल बुक करवाई जा चुकी है। मेले में विदेशी सैलानियों के जुड़ाव के लिए विभिन्न मे होटलों एवं पर्यटन स्थलों पर होर्डिंग्स लगाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस बार रविन्द्र भाई जोनी की और से कॉमेडी कार्यक्रम भी आयोजित होगा। इस अवसर पर उद्योग केन्द्र के हनुमान प्रसाद जोशी, उद्योग प्रसार अधिकारी शुभकरण थालौर भी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के प्रथम प्रदेशाध्यक्ष सरदार हरलालसिंह की जयंती पर होगा किसान गोष्ठी का आयोजन

जलतेदीप निसं, झुंझुनू

किसानों के मसीहा सरदार हरलालसिंह की 120वीं जयंती बुधवार को उनके पैतृक गांव हनुमानपुरा में आयोजित की जाएंगी। सरदार हरलालसिंह स्मारक समिति संयोजक राजन चौधरी ने बताया कि बुधवार को हनुमानपुरा में सरदार हरलालसिंह स्मारक स्थल पर किसान गोष्ठी का आयोजन प्रातः12: 30 बजे किया जाएगा। चौधरी ने बताया कि सरदार हरलालसिंह की 120वीं जयंती पर मुख्य वक्ता व मुख्य अतिथि झुंझुनूं सांसद नरेन्द्र खीचड़ होगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद हाफिज खां करेगें वही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य इंजी.प्यारेलाल ढूकिया, राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष सुधीर शर्मा होगें। वहीं कार्यक्रम में ग्रामीणजनों सहित जिले के अनेक जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

## कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों का 4 जनवरी तक अवकाश

जलतेदीप निसं, झालावाड़

जिले में चल रही शीतलहर एवं अत्याधिक सर्दी को ध्यान मे रखते हुए जिले के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों का 4 जनवरी तक अवकाश रहेगा। जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने बताया कि कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक संचालित होंगी। विद्यालय स्टाफ यथावत निर्धारित समय पर उपस्थित रहेगा।

## बैरवा समाज ने निकाला बालीनाथ जयन्ती पर जुलूस

जलतेदीप निसं, झालावाड़

बैरवा समाज झालावाड़ द्वारा बालीनाथ जयन्ती व बैरवा दिवस पर निकाले गये जुलूस का स्वागत व्यापारी सेवा समिति झालावाड़ द्वारा बस स्टेण्ड सर्किल पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष महावीर दाधीच, महामंत्री असलम भाई टेलर, मंत्री लड्डूलाल वर्मा, पवन सेन सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## इमारत की छत व सिढ़ियों में की साफ-सफाई

जलतेदीप निसं, चूरू

सातड़ा गांव की राजकीय उमावि में चल रहे एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों के दलों ने इमारत की छत व सिढ़ियों में साफसफाई कर श्रमदान किया। छात्र दलों ने तारबन्दी व बाउन्ड्री को भी सही किया। मेहन्दी सरंक्षण किया। शिविर में बस स्टॉप के आसपास साफसफाई की।शिविर में प्रधानाचार्य सत्यनारायण, प्राध्यापक सत्यपाल जांगिड़, प्रभुदयाल नाई, चेतनराम मेघवाल, कार्यक्रम प्रभारी आशा कंवर आदि के निर्देशन में

## राज्य खेलों के लिए चूरू से 7 लाख 19 हजार जन सहयोग राशि एकत्रित

### विधायक डॉ.पूनियां ने किया चूरू जिला पुरुष हॉकी टीम के 16 खिलाड़ियों को रवाना

जलतेदीप निसं, सादुलपुर



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा की अनुपालना में राज्य में हो रहे प्रथम राज्य खेलों के लिए जिले के भामाशाहों द्वारा 7 लाख 19 हजार रुपए जनसहयोग दिया गया है। चूरू जिला कलक्टर संदेश नायक ने बताया कि जिले के विभिन्न ट्रस्टों, संस्थाओं, व्यक्तियों के सहयोग से एकत्र की गई यह राशि राज्य क्रीड़ा परिषद को भिजवाई गई है। उन्होंने बताया कि राज्य खेलों में भाग लेने के लिए भी जिले के खिलाड़ियो में काफी उत्साह है। एशियन एवं राष्ट्रीय खेलों की तर्ज पर आयोजित होने वाले राज्य खेलों के प्रथम चरण में चूरू जिले से विभिन्न खेलों में 122 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें 69 बालक एवं 53 बालिकाएं शामिल हैं।

सभी खिलाड़ी 2 जनवरी को सवेरे 6.15 बजे जयपुर के लिए रवाना होंगे। राजगढ़ के खिलाडियों की सुविधा के लिए प्रातः 6 बजे बस स्टेण्ड, राजगढ़ प्रथम चरण में चूरू जिले से जाने वाले खिलाड़ियों को प्रातः 10 बजे तक जयपुर में रिपोर्टिंग करनी होगी। खिलाडियों को नियमानुसार यात्राए दैनिक भत्ता आवास एवं भोजन व्यवस्था राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर की ओर से दी जाएगी।

आपको बता दें कि राजस्थान सरकार द्वारा नव वर्ष में जयपुर गुलाबी नगरी में खेलों का महापर्व 3 जनवरी 2020 को आयोजित किया जा रहा है। इस खेल पर्व में चूरू जिला पुरुष हॉकी टीम के 16 खिलाड़ियों व टीम प्रभारी ओम सैनी को सादुलपुर विधायक डॉ.कृष्णा पूनिया ने स्वागत व आशीर्वाद देकर जयपुर के लिए रवाना किया।

इस अवसर पर मोहम्मद यूसुफ चौहान अध्यक्ष चूरू, किशन गर्ग, जमील हुसैन, शेखर पांडिया, सज्जन भाकर उपस्थित थे। डॉ. कृष्णा पूनिया ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य एवं खेल पर्व में अच्छा खेलने एवं सफलता अर्जित करने की कामना की।

## मातृशक्ति सम्मेलन व संस्कार केन्द्र दर्शन कार्यक्रम का आयोजन



जलतेदीप निसं, सादुलपुर

पिलानी रोड़ स्थित माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर द्वारा संचालित सरस्वती संस्कार केंद्र में मातृशक्ति सम्मेलन व संस्कार केन्द्र दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नारायण सिंह गुर्जर प्रधानाचार्य माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर ने संस्कार केंद्र संचालन के उद्देश्य तथा महत्व और विद्या भारती परिचय पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्योति देवी व मुख्य अतिथि भतेरी देवी ने की।

कार्यक्रम में पालक सुरेश कुमार शर्मा आचार्य, सोमबीर आचाय, वीरेंद्र मातृशक्ति सम्मेलन व संस्कार दर्शन कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यालय की दस बहने संस्कार केंद्र की पंद्रह बहने और संस्कार केंद्र के पंद्रह भैया 35 माताएं उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर बबीता ने किया।

## एएसपी फौजदार ने संभागियों को वितरित किये आई कवर

जलतेदीप निसं, चूरू

सेराजेम केन्द्र में चतुर्थ इथिकल मैनेजमेन्ट बेस्ट सेन्टर कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। केन्द्र में पिछले साल कान्टेस्ट जुलाई से दिसम्बर तक लगातार बिना अनुपस्थित रहने वालों को सेराजेम कम्पनी की तरफ से आई कवर को एएसपी योगेन्द्र फौजदार ने प्रतीक के रूप में वितरित किये। इस अवसर पर रघुनाथ खेमका रमेश महर्षि, घनश्याम चन्देल, ताराचन्द सराफ, ओमप्रकाश सैनी आदि के द्वारा संभागियों को आई कवर भेंट किये गये। सेराजेम संचालक दयाराम व मंजु द्वारा अतिथियों व संभागियों को स्वास्थ्य लाभ व आभार व्यक्त किया।

## नए साल की शुरूआत, शराब नहीं दूध के साथ'

**चूरू के इंद्रमणी पार्क में हुआ चिकित्सा विभाग का आयोजन**

**आमजन को गरम दूध पिलाकर दिया स्वास्थ्य संदेश**

**एनसीडी शिविर लगाकर की स्वास्थ्य जांच**

जलतेदीप निसं, चूरू

चिकित्सा विभाग की ओर से 31 दिसम्बर की सुबह 10 बजे इंद्रमणी पार्क में निरोगी राजस्थान अभियान के तहत लोगों को गर्म दूध पिलाकर नए साल की शुरूआत शराब नहीं दूध के साथ करने का संदेश दिया। एनसीडी के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भंवरलाल सर्वा ने किया तथा लोगों को गरम दूध पिलाकर स्वास्थ्य संदेश दिया। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के तहत हो रहे इस आयोजन में लोगों को मीठा गर्म दूध पिलाया गया। शराब के साथ नया साल नहीं मनाने का आग्रह भी किया गया।इस दौरान एनसीडी शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच व रक्तचाप व मधुमेह की जांच की गई। लोगों को शराब व तम्बाकू से होने वाले नुकसान के बारे में भी आगाह किया गया।

सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने बताया कि 'दूध जन्म से हमारे आहार में सम्मलित है और पोषणता से भरपूर है, जबकि नशे की लत हम बाद में पालते है। इस नए साल के उपलक्ष्य में नशे की लत को छोड़ने का संकल्प ले।'

नए साल की शुरूआत, शराब नहीं दूध के साथ' करने का संदेश देकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवकरण गुरावा ने बताया कि नववर्ष के पूर्व दिवस लोगों को मीठा दूध गर्म पिलाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई है। शराब व तम्बाकू से दूर रहने के लिए जागरूक भी किया गया।

एनटीसीपी समन्वयक डॉ. लाड कंवर ने बताया कि शराब सहित विभिन्न नशों को छोड़ने के संदेश के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा करने और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का आह्वान भी किया गया। एनसीडी जिला समन्वयक प्रेमशंकर शर्मा ने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा पहली बार इस तरह के आयोजन की शुरूआत की जा रही है, जो हर वर्ष 31 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए साल पर युवा वर्ग शराब का सेवन करने के लिए आतुर रहता है।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए आयोजन रखा जा रहा है ताकि युवा वर्ग को शराब के सेवन की जगह दूध पीने के लिए आग्रह किया जा सके। इस दौरान एनसीडी टीम के काउंसलर आनंद व सीता,ललित सैनी व गिरीश, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदनलाल बाजिया, एनटीसीपी के राजेश शर्मा, एनओएचपी मदनमोहन सहित कार्मिक उपस्थित थे।

## स्थापना दिवस पर गायों को गुड़ खिलाया

जलतेदीप निसं, चूरू

अखिल भारतीय जांगिड ब्रा. महासभा ने 113वां स्थापना दिवस तहसील शाखा ने गायों को गुड़ खिलाकर मनाया। खारिया गौशाला में अध्यक्ष आकाश मिश्रा के सानिध्य में पशुओं को गुड खिलाया गया। अध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि गाय एवं बेसहारा पशुओं की सेवा बड़ा पुण्य का काम है। अभाजा ब्रा. महासभा तहसील के अध्यक्ष शंकरलाल कहा कि महासभा के ज्यादा से ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाने, सामाजिक कुरूतियों को दूर करने, युवाओ में संस्कारित शिक्षा पर निर्णय लिए गयें। बैठक में संरक्षक मोहनलाल शर्मा, महाविर प्रसाद मिषण, केसर देव जागिड़, हंसराज धामू, रामरतन, संजय कुमार, मनोज कुमार, विनोद कुमार जांगिड़, शिवकुमार रोलीवाल आदि उपस्थित थे।

## सैन समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान



जलतेदीप निसं, चूरू

शहर में भाई जी चौक स्थित सेन मंदिर में सोमवार को श्री सेन सेवा समिति की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। समारोह में मंचस्थ अतिथियों ने हाल ही में आरजेएस में चयनित अविनाश चांगल,चार्टर्ड अकाउंटेंट में चयनित रवि पंवार व बेगराज भाटी, लिम्का बुक मेंनाम दर्ज होने पर पत्रकार किरण जाड़ीवाल व लोहिया कॉलेज छात्रसंघ उपाध्यक्ष मदन पंवार को सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए समाज के वर्तमान अध्यक्ष शिक्षाविद् प्रकाश चंद्र शर्मा, रमेश चंद्र चौहान व सुरेश रक्षक ने युवाओं से उच्च शिक्षित होकर समाज व देश के विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया। इस मौके पर बेणीप्रसाद भाटी, संतोष कुमार चांगल, संगमानंद जाड़ीवाल, नरेश भाटी, शीशराम हर्षवाल, कपिल भाटी, जगदीश जाड़ीवाल आदि मौजूद थे। अध्यक्ष वर्मा ने बताया कि 31 दिसंबर को दोपहर तीन बजे संस्था के चुनाव होंगे। संचालन ओमप्रकाश तंवर ने किया।

## नया साल नये संकल्प नये सोच से मनाये प्रजापति

जलतेदीप निसं, चूरू

जिला पर्यावरण सुधार समिति के सभागार मे राज्यस्तरिय आंगनबाडी प्रशिक्षण केन्द मे मुख्य वक्ता एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति ने प्रशिक्षणार्थी को नये संकल्प नये सोच के साथ नया वर्ष की शुरूआत की प्रेरणा दी उन्होंने कहा कि बच्चों को सुबह जल्दी जगाना है संस्कारित शिक्षा देना है अंकुरित अनाज खाना सिखाना घरों में किचन गार्डन लगाना है। हिमोग्लोबिन जॉच करवा कर बढाना है तथा नये सोच के साथ अपने क्षेत्र की आगंनबाड़ी को राज्य के मानचित्र पर ले जाना है। एस अवसर पर प्रजापति ने किचन गार्डन के बीज भी सहभागियों को निःशुल्क वितरण किये। कार्यक्रम के प्राचार्य गुडडी देवी ने पर्दा प्रथा कुरिति हटाने व संस्था प्रभारी किशन वर्मा ने यातायात नियमों की जानकारी दी राजेश तिवाड़ी ने बच्चों के संरक्षण की 1098 की जानकारी दी। भंवरी देवी ने आगन्तुको का स्वागत किया।

## सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

जलतेदीप निसं, झुंझुनू

इत्तेहाद उल मुस्लिमीन सोसायटी की ओर से तीसरा सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह व कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन न्यू गेस्ट हाउस,झुंझुनूं में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नजीफाह जाहिद,राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगा जमुनी तहरीक,डॉ अजमल कासमी प्रोफेसर जेएनयू दिल्ली, विशिष्ट अतिथि आसिफ कुरैशी समाजसेवी, नेकी की दीवार के संचालक देवकीनंदन कुमावत, बेटी बचाओ की ब्रांड एंबेसडर सरमिन मंसूरी, अभिलाषा रणवा, मनु स्मृति संस्थान के समन्वयक राघवेंद्र राजावत, आसिफ फारुकी, हाजी अनवर कुरैशी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति नगमा बानो ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत कुरान की तिलावत से हुई। नात ए पाक सुमैया नाज ने पढ़कर शानदार आगाज किया। संस्था अध्यक्ष मोहम्मद जुबेर कुरैशी ने सभी का स्वागत व आभार व्यक्त करते हुए सोसायटी के कार्यों पर रोशनी डाली।मुख्य अतिथि नजीफाह जाहिद ने इंसानियत का पैगाम देते हुए वर्तमान परिपेक्ष्य पर रोशनी डाली और तालीम को सबसे बेहतर रास्ता बताया प्रोफेसर अजमल कासमी ने कोम के लोगों को शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और बड़े पदों पर पहुंचने का रास्ता बताया। छात्र-छात्राओं को राजस्थान से आगे निकलकर देश के कोने-कोने तक बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सभापति नगमा बानो ने लड़के लड़की का भेद मिटाने और बेहतर पालन पोषण कर शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ने का आह्वान किया।



प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वी,12वी, स्नातकोत्तर और स्नातक के 250 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व मुवमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नादिया बानो, अकबर कुरेशी, अंसार मुजतर ने किया। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि देवकीनंदन कुमावत, हाजी जावेद लोहार, अभिलाषा रणवा सहित अन्य अतिथियों ने संबोधित करते हुए कौम के बच्चों को आगे मिलजुल कर काम करने का संदेश दिया। नवलगढ़ की नवगठित टीम का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में नासिर छिंपा, बिलाल कुरेशी, डॉ साजिद, मोहसिन कुरेशी, यूनुस रंगरेज,शरीफ रंगरेज, अब्दुल जावेद, सद्दाम सैयद अदनान खत्री, आरिफ भारू, आबिद गुड्डु, शबीर गहलोत, लतीफ लोहार, अब्दुल सत्तार, अनवार अली, मुमताज ,खुर्शीद खान गोहर, कयूम कुरेशी, आजाद बिसायती,रहबर खोखर, जाकिर खोखर, हारुण छिंपा, मकसूद काजी,महफूज सिलावट, महमूद किलानियाँ सहित झुंझुनूं की कई संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## प्राणायाम और योगासन करवाएं

जलतेदीप निसं, चूरू

बागला स्कूल के एनएसएस के बच्चों को एनएसएस प्रभारी अमर सिंह कसवां ने प्राणायाम और योगासन करवाएं प्राणायाम और योगासन करने से क्या-क्या लाभ होता है विस्तार से बताया उसके बाद विद्यालय परिसर में श्रमदान किया दूसरे सत्र में एसबीआई बैंक से निलेश मीणा ने बैंक से संबंधित जानकारियां दी डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड योनो एप आदि इसी क्रम में रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल हनुमाना राम इसरान ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि जीवन का निर्माण और भविष्य का निर्माण वर्तमान से ही होता है एवं पशु चिकित्सक डॉ विश्वजीत सिंह ने भी पशुओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की बीमारियों की चर्चा की वह उन से कैसे बचा जाए बताया और इस अवसर पर उमा लाटा जगदीश प्रसाद उपस्थित थे ।

## हीरे को नहीं पत्थर को तराश कर हीरा बनाया है : डिन्नी बंजारा

जलतेदीप निसं, अलवर



हीरे को नहीं पत्थर को तराश कर हीरा बनाया है यह बात आर.एल डांस फाउंडेशन के चेयरमैन दिनेश उर्फ डिन्नी बंजारा ने कही है। उन्होंने बताया कि आर.एल डांस फाउंडेशन द्वारा कस्बे के मातौर रोड़ स्थित महावर भवन में आयोजित कार्यक्रम में कस्बे के इतिहास में पहली दफा महिलाओं को भी डांस सीखने व स्टेज प्रोग्राम करने का मौका मिला ।

खैरथल के डांस टैलेंट कोरियोग्राफर डिन्नी बंजारा ने बताया कि इस शो के माध्यम से खैरथल कस्बे के आस-पास छुपी प्रतिभाओं को तराशना व राष्ट्रीय मंच तक उनको पहुंचाना उनका एक सपना है उसी के तहत मंगलवार को छोटे-छोटे बच्चों व बालिकाओं एवं मातृशक्ति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन किया और अपना टैलेंट दिखाया।

बंजारा ने बताया कि गत 22 तारीख से 28 दिसम्बर तक महिलाओं के अलावा कस्बे के बच्चो को डांस सिखाया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके सहयोगी बड़े भाई काका सुनील रामेजा व जॉनी डीजे एवं विजय और सूरज के साथ-साथ दीपांशु ,अमन, रितु,प्रवीन, चिराग,अनुज ने भरपूर सहयोग किया, उनके सहयोग के बिना यह आयोजन संभव नहीं था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशनगढ़ बास के प्रधान ओमप्रकाश रोघा रहे जबकि अध्यक्षता खैरथल नगरपालिका पूर्व चेयरमैन व व्यापार समिति के अध्यक्ष अशोक डाटा ने की।

विशिष्ट अतिथि बंजारा यूथ राजस्थान के राजेंद्र कुमार झरबला संरक्षक ,महेंद्र कुमार बंजारा प्रदेशाध्यक्ष,सुमेर मुछाल एवं धर्मेंद्र बिसलावत भी शामिल रहे । आर एल डांस फाउंडेशन से निकली हुई एक प्रतिभा गुनीशा खंडेलवाल का चयन किया गया जो राज्य स्तर पर होने वाली इस प्रतियोगिता में भाग लेंगी। देर रात तक चले कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और दीप प्रज्वलित कर हुई।

दीप प्रज्वलित चैनल डांस फाउंडेशन के चेयरमैन डिनी बंजारा के माता-पिता रमेश, लक्ष्मी ने किया

## भीलवाड़ा को पॉलिथिनमुक्त करने का संकल्प लें : जाजू

जलतेदीप निसं, भीलवाड़ा

पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने भीलवाड़ावासियों से अपील करते हुए कहा है कि नववर्ष पर भीलवाड़ा को पॉलिथिन के कचरे से मुक्त बनाकर स्वच्छ भीलवाड़ा बनाने के लिए स्वप्रेरणा से कपड़े के थैले का उपयोग करने का संकल्प ले। जाजू ने आगे कहा कि स्वयं कपड़े के थैले तैयार कर सब्जी, फल व खाद्य सामग्री खरीदने हेतु थैला साथ लेकर जाएं। उन्होंने अपने दुपहिया व चैपहिया वाहन में हर समय कपड़े के थैलों को साथ रखने की अपील करते हुए कहा कि मानव व पशु-पक्षियों के लिए जानलेवा व प्रकृति की दुश्मन पॉलिथिन का उपयोग नहीं कर अपने भीलवाड़ा को स्वच्छ बनाने के लिए प्रत्येक भीलवाड़ावासी आगे आएं।

## फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

जलतेदीप निसं, झुंझुनू

नवलगढ़ पंचायत समिति के पूर्व प्रधान भागीरथमल स्वामी की 37वीं पुण्यतिथि के मौके पर नवयुवक मंडल ढिगाल की ओर से गांव में ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल मुकाबला मंगलवार को चंद्रपुरा और चैलासी के बीच खेला गया। मुकाबले में चैलासी ने चंद्रपुरा को 5-3 के अंतर से हराया और खिताब जीता। इस मौके पर विचेता टीम को 5100 रुपए तथा उप विजेता टीम को 3100 रुपए का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व जिला प्रमुख एडवोकेट मदनसिंह गिल, भाजपा नेता ओमप्रकाश आबूसरिया तथा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य दिनेश सुंडा मौजूद थे। इस मौके पर स्व. स्वामी की पुण्यतिथि भी मनाई गई और उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। सुंडा ने इस मौके पर स्व. स्वामी के बेहतरीन कार्यकाल की प्रशंसा की और कहा कि आज भी उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्पद है। कार्यक्रम में एडवोकेट रक्षपालदास स्वामी श्रीमाधोपुर, गोमाराम कसेरू, पूर्व प्राचार्य राजवीर महला, ढिगाल स्कूल प्रिंसीपल शीशराम कुलहरि, उम्मेद डूमरा, पूर्व सरपंच हरिकिशन डूडी, लादूराम खिरोड़, दयानंद पूनियां का बास, पिराम चौराड़ी आदि मौजूद थे। अंत में नवयुवक मंडल अध्यक्ष सतीश डूडी ने आभार जताया।



### पंचायतराज आम चुनाव: 2020

## बहुउद्देशीय कन्ट्रोल रुम स्थापित, 24 घण्टे रहेगा कार्यरत

जलतेदीप निसं, भीलवाड़ा

पंचायत आम चुनाव-2020 के मददेनजर मतदाताओं के लिए सुविधा केन्द्र की स्थापना, अभाव अभियोगों का नियमित पंजीकरण एवं निराकरण तथा आचार संहिता की पालना के प्रयोजनार्थ बहुउद्देशीय नियंत्राण कक्ष की स्थापना की गई है।

कलक्ट्री कार्यालय के कमरा नं. एक में स्थापित नियंत्रण कक्ष में तीन पारियों में कार्मिकों की नियुक्ति की गई है। एक रिजर्व दल भी बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष 24 घण्टे कार्यरत रहेगा। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष का टेलीफोन नंबर 01482-221190 है।

नियंत्रण कक्ष तत्काल प्रभाव से प्रारंभ हो गया है। राजेन्द्र मार्ग उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य श्याम लाल खटीक नियंत्रण कक्ष के सहायक प्रभारी होंगे। यह नियंत्रण कक्ष राजकीय अवकाश के दिन भी कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष द्वारा जन साधारण को अपेक्षित सूचनाएं/ जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। यह नियंत्रण कक्ष राज्य निर्वाचन आयोग के नियंत्रण कक्ष तथा जिले में स्थापित उप नियंत्रण कक्षों से निरन्तर संपर्क में रहते हुए निर्वाचन संबंधी सूचनाओं का आदान-प्रदान करेगा।नियंत्रण कक्ष द्वारा पंचायत आम चुनाव से संबंधित सभी सूचनाओं यथा मतदान दलों की नियुक्ति, जोनल/एरिया मजिस्ट्रेट की नियुयक्ति, पुलिस फोर्स की तैनाती, मतदान दलों को प्रशिक्षण, मूवमेंट, मतदान केन्द्रों पर व्यवस्था, नामांकन संबंधी सूचनाऐं, मतदान संबंधी सूचनाएं, मतदान दलों के कलेक्टिंग सेंटर पर पहुंच एवं सील्ड रेकार्ड जमा करवाने संबंधी अद्यतन सूचनाऐं एकत्रित की समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि कोटक महेन्द्रा बैंक लि. से एक वाहन आर.जे.02आर.ई 3059 ऋण पर लिया गया था। वाहन स्वामी द्वारा समय पर ऋण नही चुकाएं जाने पर बैंक ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है और अब उक्त वाहन को अपने नाम करवा रही है अगर किसी को आपत्ति हो तो तीन दिवस में जिला परिवहन कार्यालय अलवर में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराए।

सूचित कर्ता
कोटक महेन्द्रा बैंक लि.

# हीरो मोटोकॉर्प ने पेश की देश की पहली 100-CC BS-VI मोटरसाइकिल

जलतेदीप प्रेवि, नई दिल्ली



दुनिया की सबसे बड़ी दो-पहिया वाहन निर्माता हीरो मोटोकॉर्प ने आज एंट्री सेगमेंट में पहली BS-VI मोटरसाइकिल - HF डीलक्स BS-VI को लॉन्च किया है। इसकी पेशकश अपने ग्राहकों के लिये एक रोमांचक एवं समग्र BS-VI प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को शुरू करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत बना रही है। HF डीलक्स BS-VI के लिये डिस्पैच की शुरूआत बहुत जल्दी ही होने वाली है। कंपनी ने अपना पहला BS-VI उत्पाद-स्प्लेंडर आइस्मार्ट लॉन्च कर दिया है और इस तरह नयी उत्सर्जन व्यवस्था में माइग्रेट करते हुये हीरो मोटोकॉर्प द्वारा निभाई जा रही नेतृत्वकारी भूमिका को फिर से मजबूत बना रही है। इन उत्पादों के लगातार एक के बाद एक आने के साथ, हीरो मोटोकॉर्प द्वारा अपने BS-VI उत्पादों के पोर्टफोलियो को तेजी से उन्नत किया जा रहा है। साथ ही इसकी योजना बहुत जल्द अपनी पूरी रेंज को BS-VI नियमों के अनुरूप बनाने की भी है।

एंट्री सेगमेंट में HF डीलक्स भारत की सर्वाधिक सफल एवं प्रतिष्ठित मोटरसाइकिल है। यह देश में हीरो मोटोकॉर्प शोरूम्स में एक आकर्षक कीमत में उपलब्ध होगी। इसकी बिक्री जनवरी 2020 से शुरू होगी। सेल्फ-स्टार्ट एलॉय व्हील वैरिएंट के लिये इसकी कीमत 55,925 रूपये और सेल्फ-स्टार्ट एलॉय-व्हील ixS वैरिएंट के लिये इसकी कीमत 57,250 रूपये है। (दोनों ही कीमतें एक्स-शोरूम दिल्ली हैं।) उत्कृष्ट परफॉर्मेंस और ईंधन-दक्षता के मूल ब्रांड DNA को बनाये रखने के अलावा, नई HF डीलक्स BS-VI अब 'एक्ससेंस टेक्नोलॉजी' (10 सेंसर्स) के साथ प्रोग्राम्ड फ्यूल-इंजेक्शन द्वारा संचालित है। यह पहले से ज्यादा ईंधन दक्षता (9 प्रतिशत अधिक), सहज ऐक्सीलरेशन, ज्यादा स्मूद राइड और कहीं भी एवं कभी भी आसानी से स्टार्ट होने (ठंड में भी आसानी से शुरू होती है) की खूबियां उपलब्ध कराती है। विक्रम कासबेकर, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर- ऑपरेशन्स (प्लांट्स) और चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर, हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि हीरो मोटोकॉर्प में हम BS-VI नियमों में सुचारू रूप से स्थानांतरित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। यह ट्रांजिशन सिर्फ हमारे लिये ही नहीं, बल्कि हमारे सभी हितधारकों, इंडस्ट्री और सबसे महत्वपूर्ण हमारे ग्राहकों के हित में है। हम ट्रांजिशन फेज के आखिरी चरण में हैं और हमारे पोर्टफोलियो में प्रमुख उत्पादों जैसे कि HF डीलक्स को अब ट्रांसमिट किया जा रहा है, ताकि सुचारू रैम्प-अप सुनिश्चित किया जा सके। हमारे पास अब बहुत कम BS-IV वाहन बचे हैं और आगे इनकी जगह नहीं भरी जायेगी । हम आने वाले हफ्तों में काफी संख्या BS-VI उत्पादों की पेशकश करेंगे। इस अवसर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये मालो ले मैसन, हेड-ग्लोबल प्रोडक्ट प्लानिंग, हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि, HF डीलक्स भारत में सबसे चर्चित एंट्री सेगमेंट मोटरसाइकिल है। इस बाइक के 2 मिलियन से ज्यादा यूनिट पहले ही बिक चुकी हैं और इस कैटेगरी में इसकी दो-तिहाई से अधिक की बाजार हिस्सेदारी है। प्रोग्राम्स FI टेक्नोलॉजी द्वारा पावर्ड नई HF डीलक्स BS-VI के साथ हमने मोटरसाइकिल की परफॉर्मेंस एवं दक्षता को और भी बेहतर बनाया है। हमने अब क्विक सक्सेशन में दो नई BS-VI मोटरसाइकिल्स को लॉन्च किया है और हम अपने पूरे पोर्टफोलियो को नये नियमों के अनुरूप जल्द ही तेजी से बदलने के लिये प्रतिबद्ध हैं। नये HF डीलक्स को राजस्थान के जयपुर में स्थित कंपनी के आरएंडडी हब सेंटर ऑफ इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी (CIT) में पूरी तरह से आतंरिक स्रोतों से डिजाइन एवं विकसित किया गया है। हीरो मोटोकॉर्प मोटरसाइकिल सेगमेंट में बाजार अग्रणी है और बाजार में इसकी हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से भी अधिक है।

## नई HF डीलक्स BS-VI

नई HF डीलक्स BS-VI की पेशकश एक्ससेंस टेक्नोलॉजी (10 सेंसर्स) के साथ एक 100cc BS-VI अनुकूलित प्रोग्राम्ड फ्यूल इंजेक्शन इंजन के साथ की गई है, जो 8000 RPM पर 7.94 BHP का जबरदस्त पावर आउटपुट और 6000 RPM पर 8.05 NM के टॉर्क-ऑन-डिमांड प्रदान करता है। नई और पहले से बेहतर HF डीलक्स BS-VI की ईंधन दक्षता 9प्रतिशत अधिक है और वह भी बेहतर परफॉर्मेंस (6 प्रतिशत तेज एक्सीलिरेशन), निरंतर स्टार्ट-एबिलिटी (ठंड के दिनों में भी) और पहले से ज्यादा लंबी इंजन लाइफ के साथ। नये मोटरसाइकिल में हीरो का रिवॉल्यूशनरी ixS (आइडल स्टार्ट-स्टॉप सिस्टम) लगा है। इसमें प्रोग्राम किया गया FI सिस्टम भार की विभिन्न अवस्थाओं में बिल्कुल सटीक एयर-फ्यूल मिक्चर डिलीवरी सुनिश्चित करता है, जिससे इसे चलाना और भी आसान बन जाता है। इसके साथ ही यह एयर और फ्यूल मिक्सचर (सेंसर्स एवं ECU के जरिये) का निरंतर एवं रियल-टाइम एडजस्टमेंट भी सुनिश्चित करता है, जो अधिक शॉर्प थ्रोटल रेस्पॉन्स के लिये इंजन लोड एवं एंबियंट कंडिशन्स पर आधारित है। यह सिस्टम अधिक प्रभावी कम्बशन को सक्षम बनाता है, जिसके परिणाम स्वरूप उच्च ईंधन दक्षता और अधिक स्वच्छ उत्सर्जन प्राप्त होता है। यह सिस्टम फ्री है और आसानी से टूटता नहीं है। 165mm ग्राउंड क्लीयरेंस और 1235mm व्हीलबेस के साथ, यह बाइक अधिक स्टैबिलिटी के साथ सुपीरियर राइड देती है। इसके अतिरिक्त, हाई टेंसाइल स्टील फ्रेम मजबूती, सुदृढ़ता और रिस्पॉन्सिव हैंडलिंग की पेशकश करता है।

## इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 51 लाख करोड़ खर्च हुए, 5 साल में 100 लाख करोड़ रुपए और जारी करेंगे : सीतारमण

एजेंसी, नई दिल्ली



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा- सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास पर 51 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5-6त्न हिस्सा है। सरकार ने अगले 5 साल में इस पर करीब 100 लाख करोड़ रुपए खर्च करने का लक्ष्य रखा है। इस फंड को 21 मंत्रालयों के बीच आवंटित किया जाएगा। इस फंड से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास पर काम किया जाएगा।

सीतारमण ने मंगलवार को नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट लॉन्च किया। इसके बाद उन्होंने बताया कि इसका मकसद 2024-25 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी का लक्ष्य हासिल करना है। इस प्रोजेक्ट के तहत कुल 102 लाख करोड़ रुपए इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर पर खर्च किए जाएंगे। इनमें से 25 लाख करोड़ रुपए एनर्जी, 20 लाख करोड़ रोड और 14 लाख करोड़ रुपए रेलवे प्रोजेक्ट पर खर्च होंगे। ये प्रोजेक्ट पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) के तहत पूरे होंगे।

### पीपीपी मॉडल पर होगा विकास

वित्त मंत्री ने कहा- देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास करना सरकार की प्राथमिकता है। इसकी योजनाओं में केंद्र और राज्य सरकार 39-39प्रतिशत निवेश करेंगे, जबकि निजी क्षेत्र की भागीदारी 22प्रतिशत होगी। 2025 तक निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र से निवेश आकर्षित करने के लिए सरकार 2020 की दूसरी छमाही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट आयोजित करेगी।

लघु बचत योजना

## सरकार ने जनवरी- मार्च तिमाही के लिये ब्याज दरें यथावत रखीं

एजेंसी, नई दिल्ली

सरकार ने चालू वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही के लिये अपनी लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। बैंक जमा दर में नरमी के बावजूद सरकार की राष्ट्रीय बचत पत्र (एनएससी), लोक भविष्य निधि (पीपीएफ) जैसी विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर 2019- 20 की अंतिम तिमाही के लिये ब्याज दरों को यथावत रखा गया है। वित्त मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि पीपीएफ और एनएससी पर सालाना 7.9 प्रतिशत की दर से ब्याज बना रहेगा। वहीं किसान विकास पत्र (केवीपी) पर 7.6 प्रतिशत की दर से ब्याज देय होगा और यह 113 महीने में परिपक्व होगा। सरकार की लघु बचत योजनाओं पर प्रत्येक तिमाही आधार पर ब्याज दरों को अधिसूचित किया जाता है। मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर एक जनवरी 2020 से शुरु होकर 31 मार्च 2020 को समाप्त होने वाली चौथी तिमाही के लिये ब्याज दर उसी स्तर पर बनी रहेंगी जो कि वित्त वर्ष 2019- 20 की तीसरी तिमाही के लिये अधिसूचित की गई थी। इसमें कहा गया है कि पांच वर्ष की वरिष्ठ नागरिक बचत योजना पर ब्याज दर को 8.6 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। वरिष्ठ नागरिक बचत योजनाओं पर प्रत्येक तिमाही ब्याज का भुगतान किया जाता है। बचत जमा योजना पर ब्याज दर चार प्रतिशत पर यथावत रखी गई है। बच्चियों के लिये शुरू की गई सुकन्या समृद्धि योना खाते पर अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिये 8.4 प्रतिशत की दर से ब्याज देय होगा। एक से लेकर पांच साल की सावधि जमा पर 6.9 से लेकर 7.7 प्रतिशत के दायरे में ब्याज दिया जायेगा जिसका भुगतान तिमाही आधार पर किया जायेगा वहीं पांच साल की आवृति जमा पर 7.2 प्रतिशत ब्याज दिया जायेगा। वित्त मंत्रालय ने वर्ष 2016 में तिमाही आधार पर ब्याज दरें तय करने की घोषणा करते हुये कहा था कि लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को सरकारी बॉड के प्रतिफल के साथ जोड़ा जायेगा। रिजर्व बैंक ने भी मुद्रास्फीति को लेकर चिंता के बीच इस महीने की शुरुआत में जारी मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों को स्थिर रखा।

## साल के आखिरी दिन सेंसेक्स ने लगाया 304 अंक का गोता

एजेंसी, मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज , एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक और टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में गिरावट से साल 2019 के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 304 अंक लुढ़क गया। बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 304.26 अंक यानी 0.73 प्रतिशत गिरकर 41,253.74 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान , सेंसेक्स में 423 अंक की घट-बढ़ रही। इसी प्रकार , नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 87.40 अंक यानी 0.71 प्रतिशत फिसलकर 12,168.45 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार की गिरावट के बावजूद वर्ष 2019 में सेंसेक्स कुल मिला कर 5,185.41 अंक यानी 14.37 प्रतिशत तथा निफ्टी 1,305.90 अंक यानी 12.02 प्रतिशत लाभ में रहा। वर्ष के दौरान शेयरों में जोरदार तेजी से बाजार में निवेश करने वालों की संपत्ति में सालाना आधार पर बाजार मूल्य के हिसाब से कुल मिला कर 11 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की बढ़त हुई है। बंबई शेयर बाजार (बीएसई) पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एम - कैप) 11,05,363.35 करोड़ रुपये बढ़कर 1,55,53,829.04 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा में सबसे ज्यादा 2.51 प्रतिशत की गिरावट आई। बजाज ऑटो , रिलायंस इंडस्ट्रीज, हीरो मोटोकॉर्प, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी और टीसीएस के शेयर भी गिरे। दूसरी तरफ, एनटीपीसी, सन फार्मा , ओएनजीसी, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में तेजी रही। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि साल के अंतिम कारोबारी दिवस में बाजार में छिटपुट कारोबार दर्ज किया गया।

## चालू खाते का घाटा दूसरी तिमाही में कम होकर 0.9प्रतिशत रहा : आरबीआई

एजेंसी, मुंबई




चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर 2019) के दौरान चालू खाते का घाटा कम होकर सकल घरेलू उत्पाद का 0.9 प्रतिशत रह गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह जीडीपी के मुकाबले 2.9 प्रतिशत पर था। रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

इसमें कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत में चालू खाते का घाटा कम होकर 0.9 प्रतिशत यानी 6.3 अरब डॉलर रह गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 2.9 प्रतिशत या 19 अरब डॉलर रहा था। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल से जून 2019) में यह घाटा जीडीपी के दो प्रतिशत यानी 14.2 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक ने कहा कि कैड में आई यह कमी प्राथमिक तौर पर 38.1 अरब डॉलर के निम्न व्यापार घाटे की वजह से है। एक साल पहले व्यापार घाटा 50 अरब डॉलर की ऊंचाई पर था।' चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही की यदि बात की जाए तो चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 1.5 प्रतिशत यानी 84.3 अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2018-19 की पहली छमाही में यह 2.6 प्रतिशत यानी 95.8 अरब डॉलर रहा था।

# खेल दीप

### सार-समाचार

## साउथ अफ्रीका की जीत का मखौल बनाने वाले भारतीय फैन को स्टेन ने आड़े हाथों लिया

एजेंसी, नई दिल्ली



साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन सोशल मीडिया पर भी काफी ऐक्टिव रहते हैं और उन्होंने भारतीय प्रशंसक की उस समय बोलती बंद कर दी जब उसने इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत का मजाक बनाया।साउथ अफ्रीकी टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में 107 रन से जीत दर्ज की। साउथ अफ्रीका के लिए 93 टेस्ट और 125 वनडे खेल चुके स्टेन ने ट्विटर पर कप्तान फाफ डु प्लेसिस और कोच मार्क बाउचर को बधाई दी। एक भारतीय प्रशंसक ने इस पर लिखा कि अपनी धरती पर यह जीत मिली है जिस पर स्टेन ने जवाब दिया कि यानी भारत की भारत में जीत को भी नहीं गिना जाएगा। वैसे भी ईश्वर ने इसमें कुछ नहीं किया है, इडियट।

## आईसीसी की टेस्ट को चार दिवसीय करने की योजना, इंग्लैंड ने किया समर्थन

एजेंसी, लंदन

इंग्लैंड ने व्यस्त कार्यक्रम के भार को कम करने के लिए टेस्ट क्रिकेट को पांच की जगह चार दिन का करने की इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की योजना का समर्थन किया है। आईसीसी 2023 से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में शामिल मुकाबलों को अनिवार्य रूप से चार दिवसीय करने पर विचार कर रहा है। यह इस खेल के जटिल कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कार्यभार की जरूरतों को स्थायी समाधान मुहैया करा सकता है। टेस्ट क्रिकेट का इतिहास लगभग 140 साल पुराना है जहां इसे पांच दिन के फॉर्मेट में खेला जाता है। अगर 2015-2023 सत्र में चार दिवसीय टेस्ट मैच खेले जाते तो खेल से 335 दिन बच जाते।




चार दिवसीय टेस्ट कोई नई अवधारणा नहीं है। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड और आयरलैंड ने चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था। इससे पहले 2017 में साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे ने भी ऐसा ही मैच खेला था। उन्होंने कहा कि हम निश्चित तौर पर इस योजना के समर्थक हैं लेकिन हम समझते है कि यह खिलाड़ियों, प्रशंसकों और हितधारकों के लिए टेस्ट क्रिकेट की विरासत को चुनौती देने के समान होगा।

बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने 2023 से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मैचों को चार दिवसीय टेस्ट के रूप में कराने योजना के बारे में कहा था कि इस पर अभी टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी केविन रॉबर्ट्स ने कहा था कि चार दिवसीय टेस्ट पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

## ब्रिसबेन में वापसी करेंगी शारापोवा, वाइल्ड कार्ड मिला

एजेंसी, पेरिस



विश्व की पूर्व नंबर-1 महिला टेनिस खिलाड़ी मारिया शारापोवा 2020 के अपने अभियान की शुरुआत ब्रिसबेन में करेंगी जिसके लिए आयोजकों ने उन्हें वाइल्ड कार्ड दिया है। यह 32 वर्षीय रूसी खिलाड़ी अगस्त में यूएस ओपन में अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी अमेरिका की दिग्गज सेरेना विलियम्स से पहले दौर में हारने के बाद किसी टूर्नमेंट में नहीं खेली हैं। शारापोवा ने इंस्टाग्राम पर विडियो मेसेज में कहा कि हाय ब्रिस्बेन। मुझे तुम्हारी बहुत कमी खली और मैं अपने सत्र की शुरुआत आपके टूर्नमेंट और आपके शहर में करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। शारापोवा 2019 सत्र में कंधे की चोट से जूझती रहीं और इस कारण केवल 15 प्रतिस्पर्धी मैच ही खेल पाईं।

## आईपीएल का प्रदर्शन धोनी के टी20 वर्ल्ड कप में जाने का फैसला करेगा : कुंबले

एजेंसी, नई दिल्ली



भारत के पूर्व चीफ कोच और कप्तान रहे दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले को लगता है कि महेंद्र सिंह धोनी का अगले साल ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में जगह बनाना आईपीएल-2020 के उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

कुंबले ने 'क्रिकेटनेक्स्ट' से कहा कि यह इस बात पर काफी हद तक निर्भर करता है कि धोनी आईपीएल में किस तरह का प्रदर्शन करते हैं और अगर भारतीय टीम को लगता है कि उन्हें वर्ल्ड कप के लिए धोनी की जरूरत है तो वहां से वह टीम का हिस्सा बन सकते हैं.. लेकिन हमें देखना होगा।

टेस्ट में धोनी के कप्तान रह चुके कुंबले ने कहा है कि टीम प्रबंधन को विकेट लेने वाले विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ जाना चाहिए न कि हरफनमौला खिलाड़ियों के साथ। उन्होंने कहा कि मुझे निश्चित तौर पर लगता है कि आपको विकेट लेने वाले गेंदबाजों की जरूरत है और इसलिए कुलदीप यादव तथा युजवेंद्र चहल को टीम का हिस्सा होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह अहम है कि आप विकेट लेने वाले गेंदबाजों के बारे में सोचें। अगर आपको लगता है कि आपको सिर्फ तेज गेंदबाजों की जरूरत जो आपको विकेट निकाल कर देंगे, बजाए हरफनमौला खिलाड़ियों के, मुझे यह लगता है कि यह अच्छा होगा।

कुंबले ने साथ ही कहा है कि आस्ट्रेलिया के लिए टीम का चुनाव करना लंबी प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि भारत इस बारे में सोचना शुरू करे कि ऑस्ट्रेलिया में कौन अच्छा प्रदर्शन करेगा और कौन वे गेंदबाज हैं जिनके पास विकेट लेने की काबिलियत है क्योंकि इससे विपक्षी टीम पर दबाव आ जाएगा। कुंबले को लगता है कि भारत को वर्ल्ड कप से 10-12 मैच पहले टीम का चुनाव कर लेना चाहिए।

धोनी ने अपने भविष्य के बारे में अभी तक कुछ नहीं कहा है। उन्होंने जुलाई-2019 में आखिरी वनडे खेला था, जो वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मैच था। उस मुकाबले में भारत को दिल तोड़ने वाली हार मिली और टीम इंडिया का सफर वर्ल्ड कप में भी समाप्त हो गया। उसके बाद से धोनी टीम में नहीं हैं।

इससे पहले बीसीसीआई चीफ सौरभ गांगुली ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि धोनी ने अपने भविष्य को लेकर कप्तान विराट कोहली और सिलेक्टर्स से जरूर बात की होगी। गांगुली ने कहा था, 'उन्होंने (धोनी) कप्तान से बात की है और मुझे यकीन है कि चयनकर्ताओं से भी बात की होगी।

## आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग याचिकाकर्ता आदित्य वर्मा के बेटे को बिहारी रणजी टीम में जगह मिली

एजेंसी, नई दिल्ली



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) स्पॉट फिक्सिंग प्रकरण के याचिकाकर्ता आदित्य वर्मा के बेटे लखन राजा को पटना में मिजोरम के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रोफी मैच के लिए बिहार की टीम में जगह मिली है। क्रिकेट में भ्रष्ट गतिविधियों के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले वर्मा को हमेशा से लगता था कि उनके बेटे को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बराबरी का मौका नहीं मिला। लखन बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज हैं। वर्मा ने बताया कि मेरे बेटे को अंततः बिहार की रणजी टीम में जगह मिल गई है। मुझे यकीन है कि उसे मिजोरम के खिलाफ मैच में अंतिम एकादश में जगह मिलेगी। उम्मीद करता हूं कि वह रन बनाएंगे और टीम में अपनी जगह पक्की करेंगे।

अनधिकृत बिहार क्रिकेट संघ (सीएबी) के सचिव वर्मा ने 2013 में स्पॉट फिक्सिंग मामले में बीसीसीआई के खिलाफ याचिका दायर की थी और तत्कालीन अध्यक्ष एन श्रीनिवासन को अदालत में घसीटा था। लखन हालांकि अब श्रीनिवासन की ही कंपनी इंडिया सीमेंट्स के लिए काम करते हैं।

वर्मा श्रीनिवासन के धुर विरोधी रहे लेकिन दिल्ली में बीसीसीआई की आम सभा बैठक के दौरान उन्होंने सार्वजनिक तौर पर माफी मांग ली। वर्मा को जब समझ में आया कि उनके रुख से उनके बेटे के क्रिकेट करियर पर असर पड़ रहा है तो उन्होंने नरम रवैया अपनाया और बीसीसीआई के पुराने अधिकारियों के साथ संबंध सुधारे। वर्मा श्रीनिवासन के आभारी हैं जिन्होंने उनके बेटे को इंडिया सीमेंट्स में उस समय काम दिया जब राज्य की टीम में चयन नहीं होने के कारण वह क्रिकेट से दूर हो रहे थे।

## इंग्लिश फुटबॉल की दूसरी श्रेणी की टीम से खेलेंगे रूनी



**लंदन/एजेंसी।** इंग्लैंड की तरफ से रेकॉर्ड गोल करने वाले वेन रूनी गुरुवार को इंग्लिश फुटबॉल की दूसरी श्रेणी की टीम डर्बी की तरफ से पदार्पण करेंगे। यह मैच बर्नस्ले के खिलाफ खेला जाएगा। रूनी अभी 34 साल के हैं और वह डर्बी से खिलाड़ी और कोच के रूप में जुड़े हैं। रूनी एमएलएस टीम डीसी युनाइटेड से डर्बी से जुड़े थे लेकिन जनवरी तक अपनी नई टीम की तरफ से खेलने के पात्र नहीं थे। डर्बी के मैनेजर फिलिप कोकू ने कहा कि अगर उनके (रूनी) जैसा अनुभवी खिलाड़ी उपलब्ध हो तो आपके लिए यह बहुत खुशी की बात है और हम खुश हैं कि वह यहां हैं।

## भारतीय हाकी में उम्मीद की नयी किरण जगा गया वर्ष 2019

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय हाकी के लिए अगर 2018 मौके चूकने के कारण निराशा से जुड़ा रहा तो वर्ष 2019 इस खेल में उम्मीद की नयी किरण लेकर आया जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमों ने अगले साल तोक्यो में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिये क्वालीफाई किया। भारतीय टीमों ने 2019 में अधिकतर मौकों का पूरा फायदा उठाया और इनमें से सबसे बड़ा था तोक्यो ओलंपिक के लिये अपना टिकट पक्का करना। भारतीयों टीमों ने हालांकि वर्ष 2019 में अधिकतर द्विपक्षीय श्रृंखलाओं और अंतरराष्ट्रीय हाकी महासंघ (एफआईएच) की एक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस बीच अप्रैल में ग्राहम रीड ने भारतीय सीनियर पुरुष टीम का जिम्मा संभाला और जूनियर टीम के कुछ खिलाड़ियों ने सीनियर टीम में जगह बनायी।

आस्ट्रेलिया, विश्व चैंपियन बेल्जियम, नीदरलैंड, जर्मनी और अर्जेंटीना जैसी शीर्ष टीमें जहां एफआईएच प्रो लीग के पहले सत्र में खेलने में व्यस्त रही वहीं भारतीय टीम अधिकतर कम रैंकिंग वाली टीमों से खेली। पुरुष टीम ने इस साल की शुरुआत जून में भुवनेश्वर में एफआईएच सीरीज फाइनल्स से की जहां मनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 5-1 से हराकर एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर्स में जगह बनायी। ओलंपिक क्वालीफायर्स से पहले भारतीय पुरुष टीम ने अगस्त में तोक्यो ओलंपिक परीक्षण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें मेजबान जापान, मलेशिया और न्यूजीलैंड की टीमें खेली थीं।

भारतीय टीम ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 5-0 से करारी शिकस्त देकर खिताब जीता था। इसके बाद भारतीय टीम यूरोप दौरे पर गयी जहां उसने विश्व चैंपियन बेल्जियम के खिलाफ तीन और स्पेन के खिलाफ दो मैच खेले। मनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने बेल्जियम को 2-0, 2-1 और 5-1 से तथा स्पेन को 6-1 और 5-1 से हराया। लेकिन उनकी सबसे बड़ी सफलता ओलंपिक क्वालीफायर्स में रहीं जहां उसने रूस को 11-3 के कुल स्कोर से हराकर ओलंपिक के लिये टिकट पक्का किया।

रैंकिंग में भारतीय पुरुष टीम इस साल पांचवें स्थान पर बनी रही। भारतीय महिला टीम ने भी काबिलेतारीफ प्रदर्शन किया। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम भी साल भर रैंकिंग में नौवें स्थान पर बनी रही। उसकी दो खिलाड़ियों शर्मिला देवी और लालरेमसियामी को एफआईएच के वर्ष के उदीयमान खिलाड़ी के लिये नामित किया गया। इस वर्ष मुख्य कोच सोर्ड मारिन को पूरे सत्र में महिला टीम के साथ काम करने और सही संयोजन तैयार करने का भी मौका मिला। महिला टीम ने मलेशिया और कोरिया दौरे से शुरुआत की जहां उसने अपनी प्रतिद्वंद्वियों को हराकर जून में एफआईएच सीरीज फाइनल्स के लिये जरूरी आत्मविश्वास हासिल किया। भारत ने हिरोशिमा में एफआईएच सीरीज फाइनल्स में उरूग्वे, पोलैंड, फिजी, चिली और मेजबान जापान को हराकर एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर्स के लिये क्वालीफाई किया।

इसके बाद ओलंपिक परीक्षण प्रतियोगिता में उसने विश्व में नंबर दो आस्ट्रेलिया को बराबरी पर रोका तथा चीन और जापान को हराकर खिताब जीता। भारतीय महिला टीम ने ओलंपिक क्वालीफायर्स में भी अपना अच्छा फार्म जारी रखा और अमेरिका को 6-5 के कुल स्कोर से हराकर तीसरी बार ओलंपिक में जगह बनायी। सीनियर टीमों की तरह जूनियर टीमों ने भी किसी बड़े टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया और वह अधिकतर आमंत्रण टूर्नामेंटों में ही खेलीं।

## रोनाल्डो का रिकॉर्ड, छठी बार ग्लोब सॉकर अवॉर्ड

### लूसी ब्रॉन्ज सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर

एजेंसी, दुबई

पुर्तगाल के स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को दुबई में ग्लोब सॉकर अवॉर्ड मिला। वे रिकॉर्ड छठी बार इस अवॉर्ड में सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉलर चुने गए। युवेंटस के रोनाल्डो ने 9 साल में छठी बार अवॉर्ड जीता। उन्हें लगातार चौथी बार यह अवॉर्ड मिला। वहीं, इंग्लैंड की लूसी ब्रॉन्ज सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर बनीं। लिवरपूल के जुर्गेन क्लोप सर्वश्रेष्ठ मैनेजर रहे।

रोनाल्डो इस साल बेलेन डि ओर में लियोनेल मेसी और वर्जिल वान डिक के बाद तीसरे नंबर पर रहे थे। 34 साल के रोनाल्डो ने 2018-19 में युवेंटस को सीरी ए चैंपियन बनाया था। रोनाल्डो ने कहा कि मैं परिवार, गर्लफ्रेंड, बच्चों, अपने फैंस, एजेंट और दुबई को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने हमेशा मुझे सपोर्ट किया।

# राज्य के हर गांव-शहर में बह रही विकास की गंगा: भंवरलाल

■ जलतेदीप निसं, चुरु

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मा. भंवरलाल मेघवाल ने मंगलवार को चुरू जिले के बीदासर में 25 लाख रुपए की लागत से बनी इंटरलॉक सड़क का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने यहां लोगों से संवाद किया और उनके अभाव अभियोग सुने।

इस दौरान आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने बीदासर नगर पालिका को एक करोड़ रुपए विकास के लिए देने की बात कही तथा बीदासर अस्पताल में रिक्त पड़े चिकित्सकों के पदों को भरने का आश्वासन दिया। उन्होंने बीदासर के गणगौरी चौक में मंच बनाने की घोषणा की तथा धापूदेवी बालिका उमावि से बस स्टैंड तक गौरव पथ का पुनः निर्माण कराने का आश्वासन दिया।



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने इस दौरान बीदासर में बंद पड़े अस्पताल को दुबारा शुरू करने की बात भी कही। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाएं तथा पिछड़ी बस्तियों के लोगों को सड़क, पेयजल, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रयास करें। अधिकारी पेयजल व्यवस्था को बेहतर रखें तथा पुराने जल स्त्रोतों को भी ठीक करवाएं।

### एक साल में राज्य सरकार ने आमजन को दी राहत

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि पारदर्शी एवं जवाबदेह सुशासन के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए व्यापक स्तर पर काम कर रही है तथा एक साल की अल्प अवधि में राज्य सरकार ने प्रदेश की आमजन को बड़ी राहत दी है। राज्य सरकार ने प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार ने प्रदेश के लाखों किसानों को कर्जा माफ कर लाभान्वित किया है, वहीं सामाजिक सुरक्षा पेंशन में एक साथ 250 रुपए का इजाफा कर एक साथ 75 लाख लोगों को लाभान्वित किया है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से 132 योजनाओं का संचालन कर लाखों को लाभान्वित किया जा रहा है।

# राज्यपाल ने जैसलमेर वार म्यूजियम और आर्मी एरिया का अवलोकन किया



■ जलतेदीप निसं, जैसलमेर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने जैसलमेर यात्रा के तीसरे दिन मंगलवार को भारतीय सेना के वार म्यूजियम का अवलोकन किया और सैनिकों का उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल को आर्मी की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और ब्रिगेडियर द्वारा आर्मी की कैप पहनाई गई। राज्यपाल ने जवानों के बीच पहुंचकर उनसे बातचीत की और हालचाल जाने। राज्यपाल ने सैनिकों के मूल निवास स्थान प्रदेश और कामकाज की विधाओं के बारे में पूछा। आत्मीयता के साथ बातचीत कर राज्यपाल मिश्र ने जवानों का दिल जीत लिया। राज्यपाल ने सैनिकों को अपनी ओर से मिठाई वितरित की और नव वर्ष की अग्रिम बधाई देते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की।

### राज्यपाल ने सैनिकों से सैन्य अनुभव के बारे में पूछा और अनुभव जाने

राज्यपाल को जवानों ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण सैन्य अनुभव, टैंक संचालन और विभिन्न तकनीकी पक्षों के बारे में अवगत कराया। खासकर अर्जुन टैंक सहित विभिन्न मोर्चो पर पराक्रम दिखाने वाले सैन्य उपकरण आदि से परिचित कराया और इनके संचालन से जुड़े अनुभवों के खास पहलुओं के बारे में जानकारी दी।

### विगत - मुकेश मांडण




जब ख्वाहिशें छोटी थीं, तब इनकी भी पूछ थी और वजन भी! धीरे-धीरे इनकी 'खनक' भी शांत हो गई। ये 'बचपन' के साथी ही नहीं थे, बच्चों की मुस्कान के कारण भी थे। अब 'बचपन' भी सिमट गया और इनका 'सिक्का' चलना भी!!

## राष्ट्रीय अमृता हाट -विंटर फेरिटवल 3 से 12 जनवरी तक होगा आयोजित

■ जलतेदीप नसं, जयपुर

महिला अधिकारिता निदेशालय एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जवाहर कला केन्द्र में 3 से 12 जनवरी, 2020 तक राष्ट्रीय अमृता हाट -विंटर फेरिटवल आयोजित किया जाएगा। मेले मे महिला स्वयं सहायक समुहों के हस्तशिल्प, परिधान एवं लघु खाद्य उत्पादों का विशेष प्रदर्शन होगा। मेले में राजस्थानी व्यंजनों को प्रमुखता से उपलब्ध कराया जायेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव डॉ. के के पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अमृता हाट - विंटर फेस्टिवल में राज्य के विभिन्न स्थानो के व्यंजनो और मिठाइयों की विशेष फूड स्टॉल भी लगाई जायेगी। इसमें परम्परा के साथ-साथ कई नवाचार भी देखने को मिलेंगे। एक ही स्थान पर कश्मीर का कहवा भी होगा और तंदुरी चाय भी। इनके साथ चौमूं की बर्फी, सांभर की फीणी, गंगापुर का खीर मोहन, दौसा का डोवठा, पुष्कर का मालपुआ आदि उपलब्ध होगा।

## कहीं मिठाई खिलाकर तो कहीं दूध पिलाकर किया नए साल 2020 का स्वागत

■ जलतेदीप नसं, जयपुर





वर्ष 2019 को विदाई देने के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा शहर में आमजन के लिए कहीं मिठाई खिलाकर तो कहीं दूध पिलाकर वर्ष 2020 के स्वागत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कानून व्यवस्था परिवार की ओर से पुलिस कंट्रोल रूम के बाहर आम जन को मिठाई खिलाई गई वहीं सार्थक उन्नती फाउंडेशन के द्वारा पकंज आसोपा, चंद्रप्रकाश दाधीच आदि ने झालाना कच्ची बस्ती में बच्चों को ऊनी कपड़े भेंट कर दूध जलेबी खिलाई गई। राजस्थान विश्वविद्यालय के बाहर अस्थमा केयर सोसायटी की ओर से आमजन को दूध पिलाया गया।

## 405 लोगों को गर्म कपडों का वितरण

■ जलतेदीप नसं, जयपुर



समाजोपयोगी कार्यो की श्रंखला में शैक्षणिक विकास युवा स्वरोजगार संस्थान व विचारक अरुण दत्त शर्मा के नेतृत्व में शहर के आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर 405 जनों को गर्म कपडों का वितरण किया। इस मौके पर शैक्षणिक विकास युवा स्वरोजगार संस्थान के अध्यक्ष एडी शर्मा, सुनील मीणा, विजय गुर्जर, नरेंद्र भांभू, नरेंद्र गुर्जर, प्रदीप कुमार मीणा और नरेंद्र लांबा आदि उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि कपड़ों का वितरण गोपालपुरा झुग्गी झोपड़ी,आतिश मार्केट के पास झुग्गी झोपड़ी, सुमित केश्वर महादेव मंदिर, श्याम नगर पेट्रोल पंप मंदिर के सामने आदि स्थानों पर किया गया ।

## माउंट आबू विंटर फेस्टिवल में नजर आया राजस्थान का वैभव व उल्लास

■ जलतेदीप नसं, जयपुर



प्रसिद्ध माउंट आबू विंटर फेस्टिवल जिसमें दुनियाभर के व्यक्ति शामिल हुए का मंगलवार को समापन हुआ। इस फेस्टिवल में मंत्रमुग्ध कर देने वाली नृत्य प्रस्तुतियों, स्थानीय खेलों, जुलूस व अन्य गतिविधियों के जरिए राजस्थान की वास्तविक संस्कृति व पारंपरिक भावना देखने को मिली। उल्लेखनीय है कि इस फेस्टिवल के उद्घाटन के अवसर पर सिरोही कलेक्टर, सुरेन्द्र कुमार सोलंकी, नगर पालिका माउंट आबू के चेयरमेन, जीतू राणा और माउंट आबू के एसडीएम, रवींद्र गोस्वामी उपस्थित थे। फेस्टिवल के अंतिम दिन पर सुबह सबसे पहले 'साइक्लिंग' का आयोजन किया गया। इसके बाद दोपहर में मिस्टर एंड मिस अरावली प्रतियोगिता और शाम को एक हेरिटेज वॉक हुई। शाम को नगर पालिका की ओर से पोलो ग्राउंड में रंग-बिरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया और रात को यहां शानदार आतिशबाजी भी की गई।

# निवेश प्रोत्साहन योजना से उद्योग जगत उत्साहित: प्ररसादीलाल मीणा

■ जलतेदीप नसं, जयपुर



उद्योग व राजकीय उपक्रम मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा है कि राजस्थान की नई निवेश प्रोत्साहन योजना से उद्योग जगत् उत्साहित है। उन्होंने बताया कि यूएस बेस्ड ईडन रिन्यूवल और अडानी समूह ने जैसलमेर में सोलर और विण्ड एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए भूमि प्राप्त कर नई राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना में स्टॉम्प ड्यूटी में शतप्रतिशत छूट और कन्वर्जन चार्जेज में छूट का लाभ प्राप्त कर लिया है। मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर 19 दिसंबर को बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित एमएसएमई कॉन्क्लेव में राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, नई औद्योगिक विकास नीति, मुख्यमंत्री लघु उद्यम प्रोत्साहन योजना,सौर उर्जा नीति और पवन एवं हाईब्रिड उर्जा नीति जारीकी थी। उन्होंने बताया कि नए रिप्स प्रावधानों का लाभ प्राप्त करने के लिए देशी-विदेशी निवेशक आगे आने लगे हैं और यूएस बेस्ड ईडन रिन्यूवल साइट लि. ने जैसलमेर में सोलर प्रोजेक्ट लगाने के लिए भूमि प्राप्त कर रिप्स रियायतों का लाभ भी प्राप्त कर लिया है।

## प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन नाम बदला

■ एजेंसी, नई दिल्ली



दिल्ली सरकार की नामकरण समिति ने प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन करने का मंगलवार को फैसला किया। इस बाबत घोषणा करते हुए दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि समिति ने अपनी बैठक में मुकरबा चौक और इसके फ्लाईओवर का नाम करगिल युद्ध में शहीद हुए कैप्टन विक्रम बत्रा के नाम पर रखने और एमबी रोड का नाम आचार्य महाप्रज्ञा मार्ग करने का भी निर्णय किया है। इसके बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, मुझे बताते हुए बेहद खुशी है कि दिल्ली सरकार ने मुकरबा चौक और फ्लाईओवर का नाम शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा के नाम पर रखने का फैसला लिया है। हमारे शहीदों की कुर्बानी से ही ये देश बना है... जय हिंद। वहीं लंबे इंतजार के बाद दिल्ली मेट्रो फेज चार पर निर्माण कार्यशुरू हो गया है। फेज चार में बनने वाले तीन कॉरिडोर में से अभी जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम के कॉरिडोर पर हैदरपुर बादली मोड़ से सोमवार को खुदाई के साथ यह काम शुरू हुआ है। मेट्रो फेज चार की यह सबसे लंबी 22 किलोमीटर की लाइन है। इसपर 22 स्टेशन होंगे।

# भाजपा मुस्लिमों को नागरिकता देने के खिलाफ नहीं, प्रदर्शनों में मारे जाते हैं निर्दोष: राम माधव

■ एजेंसी, बंगलूरु



देशभर में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध हो रहा है। इसी बीच भाजपा महासचिव राम माधव ने कहा कि सीएए के खिलाफ देशभर में हुई हिंसा में निर्दोष लोग भी मारे गए। उन्होंने कहा, विपक्ष के नेतृत्व में देशभर में कई स्थानों पर हिंसक प्रदर्शन हुए। जिसमें कई बेगुनाहों की जान चली गई। भाजपा मुस्लिमों को नागरिकता देने के खिलाफ नहीं है। यदि ऐसा होता तो पाकिस्तान से आए गायक अदनान सामी को भारतीय नागरिकता नहीं दी जाती।

माधव ने कहा, यह कानून किसी को व्यक्ति को देश से बाहर नहीं करता है बल्कि उन लोगों को नागरिकता प्रदान करता है जो पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में धार्मिक आधार पर उत्पीड़न झेलते रहे हैं। सीएए का विरोध कर रहे नेताओं को इसकी पूरी जानकारी नहीं है। इसके अलावा वह नई चीजों को ग्रहण नहीं करना चाहते। हमारे स्कूल के दिनों में वाटरप्रुफ घड़ी पहनने का चलन था। जिसमें पानी नहीं जा सकता था। ठीक उसी तरह विपक्षी नेता सीएए को लेकर पूर्वधारणा से ग्रसित हैं।

### केरल विधानसभा में सीएए खत्म प्रस्ताव पास

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में सीएए को खत्म करने की मांग को लेकर एक प्रस्ताव रखा। जो पास हो गया है। प्रस्ताव पेश करते हुए विजयन ने कहा कि सीएए धर्मनिरपेक्ष नजरिए और देश के ताने बाने के खिलाफ है तथा इसमें नागरिकता देने में धर्म के आधार पर भेदभाव होगा। उन्होंने कहा, यह कानून संविधान के आधारभूत मूल्यों और सिद्धांतों के विरोधाभासी है। उन्होंने कहा, कहा, केरल में धर्मनिरपेक्षता, यूनानियों, रोमन, अरबों का एक लंबा इतिहास रहा है। हर कोई हमारी भूमि पर पहुंचा है। ईसाई और मुस्लिम शुरुआत में केरल पहुंच गए थे। हमारी परंपरा समावेशिता की है। हमारी विधानसभा को इस परंपरा को जीवित रखने की आवश्यकता है। इस प्रस्ताव का भाजपा के इकलौते विधायक ओ राजगोपाल ने प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह गैरकानूनी है क्योंकि संसद के दोनों सदनों ने सीएए कानून को पारित कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरे

### पहला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बनने पर अमेरिका ने जनरल बिपिन रावत को दी बधाई

**नई दिल्ली/एजेंसी।** सेनाध्यक्ष जनरल बिपिन रावत को देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) बनने पर अमेरिका ने बधाई दी है। सेनाध्यक्ष जनरल बिपिन रावत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नियुक्त किए जाने पर अमेरिका ने कहा कि उनकी नियुक्ति से दोनों देशों की सेनाओं के बीच संयुक्त सहयोग को मजबूत करने में मदद मिलेगी। बता दें कि सीडीएस के पद पर जनरल रावत की नियुक्ति 31 दिसंबर यानी से प्रभावी हो गई है। विदेश मंत्रालय के दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के ब्यूरो ने ट्वीट कर कहा भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बनने पर जनरल बिपिन रावत को बधाई। उनकी नियुक्ति से अमेरिका और भारत की सेनाओं के बीच संयुक्त सहयोग को बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही हमारे सैन्य संबंध और अच्छे होंगे। सरकारी आदेश के मुताबिक सीडीएस के पद पर जनरल रावत की नियुक्ति मंगलवार से प्रभावी हो गई है।

### चीन बढ़ा रहा है हिंद महासागर में अपनी ताकत, समंदर में उतारे दो घातक एयरक्राफ्ट कैरियर

**बिजिंग/एजेंसी।** चीन ने दो शक्तिशाली समुद्री विध्वंसक पोत का जलावतरण किया। वह हिंद महासागर में जिबूती नौसैनिक अड्डे पर बहुत बड़ा गोदी बना रहा है ताकि अपने विमान वाहक पोतों को वहां रख सके। सरकारी मीडिया ने 2019 को चीन की सेना के लिए ईयर ऑफ हार्वेस्ट करार दिया है जिसने काफी संख्या में आधुनिक हथियार जुटाए हैं। चीन हर महीने अपने बेड़े में नौसैनिक पोत जोड़ रहा है। एक वेबसाइट ने खबर दी कि चीन ने शुक्रवार को अपने छठे टाईप 055 और 23वें टाईप 052डी गाइडेड मिसाइल विध्वंसक लांच किए थे। ये पोत करीब दो वर्षों में संचालन के लिए तैयार होंगे। सैन्य नीतियों में 2013 में बदलाव करने के बाद से सेना ने तीन लाख सैनिक कम किए हैं और चीन के प्रभाव का विस्तार करने और वैश्विक पहुंच बढ़ाने के लिए नौसेना का व्यापक विस्तार किया जा रहा है। विमान वाहक पोतों के अभियान में देरी से कदम रखने वाले चीन ने हाल ही में अपने दूसरे विमान वाहक पोत शैनडांग को लांच किया, जो पहले लेओनिंग के मुकाबले बड़ा है। लेओनिंग सोवियत समय का पुनर्निर्मित जहाज है जिसे 2012 में चीनी नौसेना में शामिल किया गया था।

### जर्मनी में क्रू केबिन कर्मचारियों की हड़ताल से कई उड़ाने रद्द, यात्री परेशान

**बर्लिन/एजेंसी।** जर्मनी की सबसे बड़ी एयरलाइन लुफ्थांसा की सहायक कम लागत वाली जर्मनविंग एयरलाइन की परिचायकों की कड़े प्रतिबंधों के बाद शुरु हुयी तीन दिवसीय हड़ताल के कारण कई उड़ाने रद्द रही और करीब 180 उड़ानों को रद्द करना पड़ सकता है। जर्मनविंग एयरलाइन की परिचायकों की कड़े प्रतिबंधों के बाद सोमवार से शुरु हुयी तीन दिवसीय हड़ताल के कारण कई उड़ाने रद्द रही और करीब 180 उड़ानों को रद्द करना पड़ा सकता। कर्मचारी यूनियन ने सोमवार से बुधवार तक कर्मचारियों को काम पर नहीं आने के लिये कहा है। कर्मचारी यूनियन ने कहा कि जर्मनविंग्स एयरलाइन का प्रबंधन उड़ान संचालन के भविष्य के लिये कर्मचारियों को लेकर उसका दृष्टिकोण स्पष्ट नहीं है। अक्टूबर में भी यूनियन के सदस्यों ने वेतन वृद्धि, बेहतर पेंशन योजनाओं और अन्य मांगों को लेकर फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख के हवाई अड्डों पर काम करना बंद कर दिया।

### पाकिस्तान में धुंध से लोग परेशान, खरीद रहे हैं एयर प्यूरीफायर

**लाहौर/एजेंसी।** दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित देशों में से एक पाकिस्तान में सर्दी के इस मौसम में धुंध से लोग परेशान हैं और इस संकट से राहत के लिए हवा को शुद्ध करने वाला नवनिर्मित इंडोर फॉरेस्ट एयर प्यूरीफायर खरीद रहे हैं। खराब वायु गुणवत्ता से परेशान हसन जैदी को अपना घरेलू उपकरण बनाने में छह महीने लगे। इसे बनाते हुए जैदी ने यह भी ध्यान में रखा कि यह एयर प्यूरीफायर किफायती हो। सर्दी के इस मौसम में 31 वर्षीय इंजीनियर जैदी अब तक करीब 500 यूनिट बेच चुके हैं। इंडोर फॉरेस्ट का मूल्य 16,000 रुपये है। नकदी संकट से जूझ रहे इस देश में जैदी का इंडोर प्यूरीफायर आयातित प्यूरीफायरों की अपेक्षा काफी सस्ता है। दूसरे देशों से मंगवाने पर एयर प्यूरीफायर की कीमत दो से तीन गुना अधिक होती है।

### सीमापुरी हिंसा मामले में दो आरोपियों को मिली जमानत

■ एजेंसी, दिल्ली

नागरिकता कानून के विरोध प्रदर्शन के दौरान सीमापुरी में हिंसा और उपद्रव करने वाले 11 आरोपियों के खिलाफ दर्ज मामले पर छह जनवरी को सुनवाई होगी। वहीं अदालत ने मंगलवार की सुनवाई के दौरान दो आरोपियों को तीन सप्ताह के लिए अग्रिम जमानत दे दी है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले को एसआईटी को सौंप दिया है। अब एसआईटी इस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। गौरतलब है कि पुरानी सीमापुरी इलाके में जिस जगह लोगों ने उपद्रव किया था। वह दिल्ली की सीमा से सटा है। बड़ी संख्या में गाजियाबाद के शहीद नगर के लोग दिल्ली की सीमा में आकर प्रदर्शन कर रहे थे। बाद में इन लोगों ने पथराव कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में सीमापुरी थाने में बलवा करने, ड्यूटी के दौरान जानलेवा हमला करने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था।

## चंद्रयान 2 के बाद चंद्रयान 3 की तैयारी में इसरो, 2020 में शुरू होगा तीसरा मून मिशन

■ एजेंसी, नई दिल्ली



भारत चंद्रमा के लिए अपना तीसरा मिशन 2020 में लॉन्च करेगा। अंतरिक्ष विभाग के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को ये जानकारी दी है। यहां सिर्फ लैंडर और रोवर के जरिए चंद्रयान 3 चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा। जितेंद्र सिंह ने कहा कि जी हां लैंडर और रोवर मिशन 2020 में लॉन्च होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि चंद्रयान 2 कोई असफलता नहीं था बल्कि उससे हमने बहुत कुछ सीखा है। दुनिया को कोई भी देश पहली कोशिश में चांद पर नहीं उतर सका है। अमेरिका को कई कोशिशें लग गई थीं लेकिन हमें इतनी देर नहीं होगी। चंद्रयान 2 चांद पर उतरने की भारत की पहली कोशिश थी। आखिरी के 2.1 किलोमीटर बचने पर लैंडर टेढ़ा हो जाने से ये संभव नहीं हो सका। अगर ये लैंडिंग सफल होती तो भारत ऐसा कर पाने वाला चौथा देश बन जाता। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों के अनुसार, अंतरिक्ष यान की एक छवि जो नासा के लूनर रेकॉन्सेन्स ऑर्बिटर द्वारा कैप्चर की थी, में कई किलोमीटर में बिखरे हुए संभावित अंतरिक्ष यान के मलबे के 21 टुकड़े दिखाई दिए, जिससे पता चलता है कि अंतरिक्ष यान प्रभाव से बिखर गया था।

## इस साल जम्मू में कम हुई घुसपैठ: डीजीपी

■ एजेंसी, जम्मू

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने जम्मू में प्रेस वार्ता कर बताया कि हमारे रिकॉर्ड के अनुसार, साल 2019 में लगभग 130 आतंकी घुसपैठ करने में कामयाब रहे। साल 2018 में यह आंकड़ा 143 था । आतंकवादी संगठनों में शामिल होने वाले युवाओं की संख्या इस साल घट गई है। साल 2018 में 218 युवा आतंकी संगठन में शामिल हुए थे, वहीं इस साल यह संख्या घटकर 139 है। घाटी में सक्रिय आतंकियों की संख्या को लेकर डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि आतंकियों की संख्या में गिरावट आई है। मौजूदा समय में यह संख्या 300 से घटकर 250 हो गई है।

# हर हाल में होगा एयर इंडिया का निजीकरण: हरदीप सिंह

एयर इंडिया को वित्त वर्ष 2018-19 में 8,400 करोड़ रुपये का घाटा हुआ

विमानन कंपनी पर कुल 60 हजार करोड़ से ज्यादा का कर्ज

कंपनी तेल कंपनियों को नहीं दे पा रही ईंधन का पैसा



■ एजेंसी, नई दिल्ली

नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि कर्ज के तले दबी सरकारी विमानन कंपनी एयर इंडिया का निजीकरण हर हाल में होगा। उन्होंने बताया कि एयर इंडिया को बेचने की प्रक्रिया जारी है। अब इसके निजीकरण के अतिरिक्त कोई दूसरा विकल्प नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि एयर इंडिया प्रथम श्रेणी की एयरलाइन है, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं है कि इसका निजीकरण किया जाएगा। हम इसका विनिवेश जल्द से जल्द करने की कोशिश कर रहे हैं। करीब 60 हजार करोड़ के कर्ज में दबी एयर इंडिया को वित्त वर्ष 2018-19 में 8,400 करोड़ रुपये का जबरदस्त घाटा हुआ है। एयर इंडिया को ज्यादा ऑपरेटिंग कॉस्ट और विदेशी मुद्रा में घाटे के चलते भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। इन हालातों में एयर इंडिया तेल कंपनियों को ईंधन का बकाया नहीं दे पा रही है। हाल ही में तेल कंपनियों ने ईंधन सप्लाई रोकने की भी धमकी दी थी। लेकिन फिर सरकार के हस्तक्षेप से ईंधन की सप्लाई को दोबारा शुरू कर दिया गया था। केंद्र सरकार, एयर इंडिया में अपनी 100 फीसदी हिस्सेदारी को बेचने जा रही है।

### तीन सालों में सबसे अधिक घाटा

तीन सालों के दौरान एयर इंडिया का घाटा सबसे शीर्ष पर रहा। कंपनी की नेटवर्थ माइनस में 24,893 करोड़ रुपये रही, वहीं नुकसान 53,914 करोड़ रुपये का रहा। भारी उद्योग मंत्री अरविंद गणपत सावंत ने कहा कि पीएसयू विभाग ने रिवाइवल और रिस्ट्रक्चरिंग पर जोर दिया है। सरकार अपनी तरफ से ऐसी कंपनियों में फिर से पैसा कमाने के नए तरीकों पर काम कर रही है।

स्वतत्वाधिकारी मैसर्स जलतेदीप (जयपुर) की ओर से मुद्रक, प्रकाशक पदम मेहता द्वारा दीपक ऑफसेट प्रिंटर्स, एफ-77, करतारपुरा, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा जलतेदीप (जयपुर) कार्यालय ई-287, लालकोठी, जयपुर से प्रकाशित फोनः 2742116, फैक्सः5102727 संपादकः पदम मेहता